


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 150

ग्वालियर, गुरुवार, 17 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## दिल्ली पुलिस के 75वें स्थापना दिवस पर जवानों ने हर मुश्किल का सामना डटकर किया : अमित शाह

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस अपना 75वां स्थापना वर्ष मना रही है। इस मौके पर गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस की परेड को देखा। 75 साल से दिल्ली को न सिर्फ सुरक्षित रखा बल्कि बदलते वक्त के साथ खुद को भी बदला, जिसकी झलकी परेड में साफ नजर आई। साथ ही दिल्ली पुलिस के 79 उन जवानों को श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने कोरोना काल में अपनी जान गंवाई। इन पुलिसकर्मियों ने फ्रंट लाइन पर रहकर दिल्लीवासियों की रक्षा की, उनके परिवार को नमन करता हूं। दिल्ली पुलिस के इस कृत्य पर पूरे देश में वो रोल मॉडल बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव में कई लक्ष्य रखे हैं। शाह बोले- 75 सालों में जिन भी पुलिसकर्मियों ने अपनी जान गंवाई उनका परिचय देश के युवाओं से करवाया जाए ये हमारी सरकार का लक्ष्य है। ये 75वां दिवस हमारे लिए संकल्प के रूप में है और हम अपने देश को मजबूत, शिक्षित, स्वस्थ बनाने के लिए देश के 130 करोड़ लोगों ने संकल्प लिया है। दिल्ली पुलिस अपना 75 वां जन्मदिन बना रही है और देश भी आजादी का अमृत दिवस बना रहा है। 75वें स्थापना दिवस पर दिल्ली पुलिस का नया स्वरूप नजर आ रहा है। आठ दशकों में दिल्ली पुलिस ने सभी चुनौतियों को स्वीकार किया है और अपने को लगातार बदला है। हम



आज के मौके पर दिल्ली पुलिस के लिए दो नए संकल्प लेते हैं। अगले 5 साल में हमें कहीं भी पुलिसिंग में गैप नजर आएगा, उसे भरेंगे। शाह ने कहा कि दिल्ली दंगों का अन्वेषण करके जांच करके दिल्ली पुलिस ने जो काम किया है, उसके लिए दिल्ली पुलिस का धन्यवाद और साधुवाद देना चाहता हूं। दिल्ली पुलिस सुधार के लिए कई गतिविधि चल रही है। सभी दिल्लीवासी जब त्योहार मना रहे होते हैं, तब हमारी दिल्ली पुलिस सड़कों पर रहती है और किसी की मदद के लिए आने वाले कॉल्स का इंतजार करती है। दिल्ली पुलिस का जवान न समय से घर जाता है, न घर का खाना खाता है और न ही अपने पर ध्यान देता है, जिसका दुष्प्रभाव उसके शरीर पर पड़ता है, लेकिन इनका ध्यान देने के लिए दिल्ली पुलिस में ऑपरेशन विभाग की शुरुआत की है। दिल्ली पुलिस के सामने कई चुनौती हैं, जिसमे देश के सम्मानित लोगों को सुरक्षा देना, राष्ट्रीय पर्व बनाना, विदेशी मेहमानों की सुरक्षा देना, इसके अलावा देश के राजधानी के कारण कई अलर्ट को लेकर भी दिल्ली पुलिस इस सबका डटकर सामना करती है। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने अपने आप को हर जगह साबित किया है। दिल्ली पुलिस ने इस मौके पर एक नया डाक टिकट भी जारी किया है। दिल्ली पुलिस 32 तरह की डिजिटल सेवाएं उपलब्ध करवा रही है। 38 पुलिसकर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रोमोशन दिया है।

## केजरीवाल खालिस्तानी समर्थक, सत्ता के लिए किसी भी हद तक जा सकते : कुमार विश्वास

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता और कवि कुमार विश्वास ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाया हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल खालिस्तानी समर्थक हैं।इतना ही नहीं सत्ता



की लालच में किसी भी हद तक जा सकते हैं। दरअसल, पंजाब में 117 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस लेकर सियासी घमासान तेज हो चुका है। कवि कुमार विश्वास ने कहा कि उन्हें समझना चाहिए वहां पंजाब एक राज्य नहीं बल्कि एक भावना है। मैं हमेशा कहता हूं कि पूरी दुनिया में पंजाबियत एक भावना है। इसके बाद मैंने उससे कहा था कि अलगाववादियों का साथ मत ले, उस पर उन्होंने कहा था कि नहीं-नहीं हो जाएगा और उन्होंने इसका फॉर्मूला भी बताया था। कुमार विश्वास ने कहा कि केजरीवाल ने मुझसे कहा था कि वह या तो पंजाब का मुख्यमंत्री बनेगा या फिर आजाद राष्ट्र का पहला प्रधानमंत्री बनूंगा।उस किसी भी कीमत पर सत्ता चाहिए। पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर आप ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं केजरीवाल ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं।

## पाकिस्तान में 160 रुपए हुई प्रति लीटर पेट्रोल की कीमत

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की इमरान खान सरकार ने पेट्रोल, डीजल और केरोसीन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की है। पेट्रोल की कीमत में प्रति लीटर 12.03 रुपये की बढ़ोतरी की गई है और



अब इसकी कीमत 159.86 रुपए प्रति लीटर हो गई है। बढ़ी हुई कीमतें आज से लागू हो गई हैं। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से पाकिस्तान में हाहाकार मच गया है। पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ने से महंगाई के और बढ़ने की आशंका पैदा हो गी है। देश में डीजल की कीमत में प्रति लीटर 9.53 रुपए का इजाफा किया गया है, जबकि केरोसीन की कीमत 10.08 रुपए प्रति लीटर बढ़ाई गई है। इस बढ़ोतरी के बाद देश में पेट्रोल की कीमत 147.82 रुपये से बढ़कर 159.86 रुपये लीटर, हाई स्पीड डीजल की कीमत 144.622 रुपये के बढ़कर 154.15 रुपये, लाइट डीजल की कीमत 114.54 रुपये से बढ़कर 123.97 रुपये और केरोसीन ऑयल की कीमत 116.48 रुपये से बढ़कर 126.56 रुपये प्रति लीटर हो गई है। पाक सरकार का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें सात साल के उच्चतम स्तर पर हैं। इससे सरकार को 35 अरब रुपये का नुकसान हुआ है। इसलिए सरकार के पास अब कीमतें बढ़ाने के अलावा कोई चारा नहीं है।

## हिजाब विवाद: हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वाली 6 मुस्लिम लड़कियां नहीं गईं कॉलेज, 23 लड़कियां भी रहीं अनुपस्थित

**नई दिल्ली।** हिजाब विवाद की वजह से करीब एक हफ्ते से बंद कर्नाटक के कई प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज बुधवार को खुले। इस दौरान बुर्का पहनी कई मुस्लिम छात्रों को कॉलेज के अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज के आसपास सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये थे। कई संवेदनशील जगहों पर पुलिसवालों की तैनाती की गई थी। इस दिन भी कई मुस्लिम छात्राएं बुर्का, हिजाब या स्कार्फ हटाने के लिए राजी नहीं हुई।

उडुप्पी जिले में भी प्री-यूनिवर्सिटी और डिग्री कॉलेज खुले। धारा 144 लागू होने की वजह से यहां भी कॉलेज के आसपास पुलिस की तैनाती देखने को मिली। उडुप्पी स्थित सरकारी पीयू कॉलेज की वो 6 छात्राएं जिन्होंने हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट का रूख किया था वो सभी 6 छात्राएं कॉलेज नहीं आईं। कॉलेज की प्रिंसिपल रुद्र गौड़ा ने इस बात की जानकारी दी है। हालांकि,



अन्य मुस्लिम छात्राओं ने क्लास में प्रवेश करने से पहले अपना हिजाब हटाया और क्लास सुचारू ढंग से चले।

### 23 मुस्लिम लड़कियां रहीं अनुपस्थित

कुंडापुर जिले में स्थित सरकारी पीयू कॉलेज की वो 23 लड़कियां भी बुधवार को अपनी क्लास में नहीं आई जिन्होंने हिजाब पहनने की लगातार जिद पकड़ रखी थी। पिछले हफ्ते इन सभी छात्राओं को उस वक्त क्लासरूम से हटा कर एक अलग कमरे में बैठाया गया था जब उन्होंने स्कार्फ हटाने से इनकार कर दिया था।

### हिजाब हटाए बिना नो एंट्री

अज्जरकड जिले में स्थित जी संकर सरकारी कॉलेज में मुस्लिम छात्राओं को हिजाब हटाए बिना एंट्री की अनुमति नहीं दी गई। जिन्होंने हिजाब हटाने से इनकार किया उन्हें अलग कमरे में बैठाया गया था। छात्रों ने शिकायत की है कि पूरे एकेडमिक वर्ष के दौरान वो सभी क्लास में हिजाब पहनती थीं लेकिन अचानक यह नया फैसला आ गया है। बता दें कि अदालत ने अपने अंतरिम आदेश में सभी छात्रों को भगवा शॉल, स्कार्फ, हिजाब और अन्य कोई भी धार्मिक परिधान क्लासरूम में ना पहनने की इजाजत दी थी।

### बोलीं मुस्लिम छात्राएं- हमारा धर्म, सरकारी आदेश से बड़ा

हिजाब पर तनाव को देखते हुए प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज में बुर्का पहनी छात्राओं को प्रवेश की इजाजत नहीं दी गई। शिवमोगा जिले में स्थित सगारा सरकारी प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज में तनाव को देखते हुए कॉलेज प्रशासन ने एक दिन की छुट्टी का ऐलान कर दिया। जिले के डीवीएस कॉलेज के बाहर जो लड़कियां खड़ी थीं उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उनका धर्म, सरकारी आदेश से बड़ा है।

## गाजियाबाद में मुस्लिम महिलाओं पर पुलिस का लाठीचार्ज, वीडियो वायरल से हड़कंप

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में हिजाब विवाद का मामला गर्माया हुआ है। उधर, यूपी के गाजियाबाद में हिजाब पहने महिला प्रदर्शनकारियों के एक समूह पर पुलिस के लाठीचार्ज का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि इस मामले में अब पुलिस की ओर से सफाई भी आई है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना तीन दिन पहले की है और वीडियो गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, महिलाओं ने अधिकारियों पर हमला कर दिया, जिससे हाथापाई की नौबत आ गई। पुलिस ने बताया कि बाद में मामला शांत हो गया था। सीओ अभय कुमार ने बताया कि घटना रविवार की है। जब पुलिस की एक टीम गश्त पर थी, तो उन्होंने 10-15 महिलाओं को विरोध करते देखा। धारा 144 लागू करने का फैसला करने के बाद ही महिलाओं को मौके से हटाया गया। मामले की जांच संबंधित अधिकारियों द्वारा की जा रही है। घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है। गौरतलब है कि कर्नाटक में हिजाब विवाद के चलते रविवार को खोड़ा के नवनीत विहार में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने न्याय की मांग करते हुए नारेबाजी की। पुलिस के मुताबिक, महिलाओं के पास विरोध प्रदर्शन के लिए कोई पूर्व अनुमति नहीं थी। इस वजह से स्थानीय पुलिस को प्रदर्शनकारियों को हटाना पड़ा। भीड़ और पुलिस टीम के बीच भी हाथापाई हुई।



## खास खबर

### राहुल गांधी मुझे आतंकवादी कहते हैं 20 तारीख को पता चल जाएगा : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गाँधी उन्हें आतंकवादी कहते हैं, लेकिन 20 फरवरी को उन्हें पता चल जाएगा। पंजाब में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार भगवंत मान के साथ एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेन्स में मोहाली में उन्होंने राहुल गांधी पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस नेता अब की भाषा बोल रहे हैं उनके साथ भगवंत मान ने कहा कि राहुल गांधी ने बहुत ही खतरनाक बयान दिया कि अगर पंजाब में कांग्रेस की सरकार ना बनी तो पंजाब में आग लग जाएगी। केजरीवाल ने कहा, कांग्रेस ने 5 साल में पंजाब का माहौल खराब कर दिया है, हम आपको आश्वासन देते हैं, आप की सरकार शांति और भाईचारा कायम करेगी प्रेस कॉन्फ्रेन्स से पहले दोनों नेताओं की मौजूदगी में अमृतसर के सिटिंग मेयर ने आम आदमी पार्टी ज्वाइन की है। इसका जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा कि अमृतसर को वर्ल्ड आइकॉन सिटी बनाने पर काम करेंगे। केजरीवाल ने कहा, पंजाब का व्यापारी डरा हुआ है। बस बीस दिन और रह गए। उसके बाद आप बेख़ौफ़ व्यापार कर सकेंगे। पंजाब से पर्चा राज बंद करेंगे। पंजाब में पर्चा राज है। लोग बात करने से डर रहे हैं। पुराने झूठे पर्चे केंसिल किये जाएंगे। पंजाब में पर्चा राज बंद करेंगे। व्यापारियों के मन से डर दूर किया जाएगा उन्होंने कहा, पंजाब के व्यापारी कांग्रेस के वोटर हैं। आप को मौका दें सारे मसले हल करेंगे। व्यापारियों को हिस्सा बनाएंगे। अगर हमारे मंत्री या विधायक ने व्यापारियों को परेशान किया तो उनके खिलाफ एक्शन लेंगे। आप नेताओं ने प्रियंका गांधी पर भी निशाना साधा। भगवंत मान ने कहा कि प्रियंका गाँधी यूपी से आती हैं इस पर अरविंद केजरीवाल ने कहा, वो भी तो भैया हो गयीं हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी दिखाएंगे मध्य रेलवे के 34 नई एसी सेवाओं को हरी झंडी

**मुंबई।** जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य रेलवे के 34 नई फुली एयरकंडिशन ट्रेनों का वर्चुअली उद्घाटन करने वाले हैं. ये ट्रेनें दीवा से ठाणे के बीच की पांचवी व छठी लाइनों के लिए होंगी. पीएम मोदी 18 फरवरी को इनका उद्घाटन करेंगे. पीएम मोदी द्वारा ये उद्घाटन मुंबई में होने वाले मनपा चुनावों से ठीक पहले किया जा रहा है. जिसे चुनावों के मद्देनजर एक अहम कदम माना जा रहा है. फिलहाल मध्य रेलवे की 10 सर्विस मेन लाइन पर और 32 हार्बर मार्ग पर चल रही हैं. फरवरी में एसी सर्विस पर प्रतिदिन एवरेज 2500 से 3500 यात्री सफर कर रहे थे. वहीं अब यह बढ़कर 10,000 से 12 हजार तक होने की उम्मीद है. रेल मंत्री पहले ही इसके लिए स्वीकृति दे चुके हैं. एसी ट्रेनों के शामिल होने से इसकी टिकट की कीमत भी बढ़ाई जाएगी. हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि होनी बाकी है।

### मन चंगा तभी विकास की गंगा रविदास जयंती पर बोलीं बसपा सुप्रीमो मायावती

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने संत रविदास जयंती पर महान संत को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि सरकारें उनके आदर्श पर चलेंगी तभी लोगों का भला होगा। %मन चंगा तो कठौती में गंगा% रविदास के उपदेश का जिक्र करते हुए बसपा सुप्रीमो ने कहा कि सरकारें मन चंगा करके काम करेंगी तभी विकास की गंगा आम लोगों को तृप्त करेगी। मायावती ने ट्वीट किया, %%मन चंगा तो कठौती में गंगा% का इंसानियत भरा आदर्श व अमर संदेश देने वाले महान संतगुरु रविदास जी को उनकी जयंती पर शत-शत नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित तथा देश व दुनिया में रहने वाले उनके सभी अनुयायियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, %%सामाजिक परिवर्तन के संतों की परम्परा में जाने-माने संतगुरु रविदास जी जाति-भेद के खिलाफ आजीवन कड़ा संघर्ष करते रहे। ऐसे संतगुरु के उपदेशों के मुताबिक सरकारें अगर मन चंगा करके काम करेंगी तभी लोगों का सही से भला होगा तथा देश में विकास की गंगा आमजन को जरूर तृप्त करेगी।

## कांग्रेसी पुलवामा की बरसीं पर सेना की बहादुरी का सबूत मांग रहे : पीएम मोदी



**पठानकोट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित कर उन्होंने गुरु रामदास जयंती का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज संत रविदास जी की भी जयंती है। यहां आने से पहले मैं दिल्ली में गुरु रविदास विश्राम धाम मंदिर जाकर आया हूं। आशीर्वाद लेकर आया हूं। ये मेरा सौभाग्य है कि काशी में संत रविदास मंदिर परिसर में हमने बहुत बड़ा भव्य लंगर हॉल श्रद्धालुओं को अर्पित किया। मैं आप सभी को और बनारस गए श्रद्धालुओं को भी संत रविदास जयंती की अनेक-अनेक शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा ऐसा सौभाग्य है कि मंच पर आते वक्त वाल्मिकी समाज के सभी लोगों ने पवित्र माला पहनाकर मुझे आशीर्वाद दिया।इसके बाद मैं वाल्मिकी समाज के सभी लोगों को प्रणाम करता हूं।उन्होंने कहा कि संत रविदास जी का एक दोहा है, ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न। छोट-बड़ो सब सम बसे, रविदास रहे प्रसन्न। मतलब मैं एक ऐसा राजा चाहता हूं,जिसके राज में सभी को अन्न मिले, हर कोई एक समान होकर रहे, जब ऐसा होगा,तब स्वाभाविक रूप से रविदास जी प्रसन्न होंगे ही।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया के बड़े-बड़े देशों में आज कोरोना की वजह से गरीब को हर तरह की दिक्कतें आ रही हैं, खाने-पीने की समस्या हो रही है। लेकिन इस संकट काल में भारत करोड़ों देशवासियों को मुफ्त में राशन उपलब्ध करा रहा है। पंजाब के भी लाखों गरीबों को दो साल से मुफ्त राशन मुहैया कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीन भी हमारी सरकार ने मुफ्त दी। गांव-गांव जाकर देशवासियों का जीवन बचाने के लिए रात-दिन काम किया और दुनिया में जो नहीं कर पाएं, वहां काम हमने करके दिखाया। करीब-करीब 95 प्रतिशत से ज्यादा पहला डोज सबको तो लग ही चुका है और दूसरा डोज भी करीब-बरीब सबको लगने की दिशा में तेज गति से काम हो रहा है। वैक्सीन से देशवासियों को कोरोना से लड़ने के लिए बहुत बड़ा सुरक्षा कवच मिला है।

पीएम मोदी ने कहा, पठानकोट में अभी मैंने कई परिवारों को अभिनंदन किया। एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में कई बार मैं यहां टू-व्हीलर से आता था, कभी ट्रेन से आता था। कभी जम्मू से दिल्ली आता था,तब पठानकोट के कई परिवार मेरे लिए खाना लेकर आते थे। ऐसा महत्वपूर्ण समय मैंने आप लोगों के बीच बिताया है।

## प्रख्यात सिंगर-कंपोजर बप्पी लहरी का 69 वर्ष की उम्र में निधन, सदमे में बॉलीवुड

**मुंबई।** बालीवुड के प्रख्यात सिंगर और कंपोजर बप्पी लहरी ने 69 साल की उम्र में निधन हो गया है। बप्पी लहरी को बालीवुड के लोग प्यार से बप्पी दा कहकर बुलाते थे। वह कोरोना ग्रस्त होने के बाद कई दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें बाद में डिस्चार्ज कर दिया गया था। बप्?पी लहरी को अप्रैल 2021 में भी कोरोना वायरस संक्रमण हुआ था। उस दौरान उन्?हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्?पताल में भर्ती कराया गया था। वह अंतिम बार सलमान खान के साथ बिग बॉस 15 में दिखे थे। वह अपने पौत्र के साथ शो में एक गाने के प्रमोशन के लिए आए थे। बप्पी लहरी के अचानक निधन से पूरा बॉलीवुड सदमे में है। बप्पी लहरी ने 1970 और 80 के दशक में



'चलते-चलते', 'डिस्को डांसर', 'शराबी' फिल्मो के लिए कई हिट गाने दिए थे। अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि उनका निधन कैसे हुआ। बप्पी लहरी के जाने से बॉलीवुड समेत उनके प्रशंसकों के बीच शोक की लहर दौड़ गई है। बॉलीवुड सेलेब्स ने भी एवरग्रीन म्यूजिक कंपोजर और सिंगर बप्पी लहरी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अक्षय कुमार ने लिखा, आज हमने संगीत उद्योग से एक और रत्न खो दिया। बप्पी दा, आपकी आवाज मेरे सहित लाखों लोगों को नाचने का कारण थी। आपने अपने संगीत के माध्यम से जो भी खुशियां लाईं, उसके लिए धन्यवाद। परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। ओम शांति' अदनान सामी ने ट्वीट कर लिखा है वो इंडिया के पहले रॉकस्टार थे, वो प्यार और उदारता से भरे हुए थे, हम उन्हें बहुत मिस करेंगे। उन्होंने लिखा है, 'चलते चलते।।मेरे ये गीत याद रखना कभी अदविदा ना कहना-कभी अलविदा ना कहता-भगवान आपकी आत्मा को शांति दे बप्पी दा-'मशहूर सिंगर अदनान सामी ने भी बप्पी दा को ट्वीट कर श्रद्धांजलि दी है। अनुपम खेर ने वीडियो शेयर कर बप्पी दा को श्रद्धांजलि दी है। अनुपम खेर इस दौरान बेहद इमोशनल नजर आए।

## हमने कोरोना के जिन्न को बोतल में भरकर बंद कर दिया : सीएम योगी

**नई दिल्ली।** यूपी चुनाव में दो चरणों का मतदान हो चुका है। अब तीसरे चरण के मतदान के लिए दलों और नेताओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने हमीरपुर में एक जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में विपक्षी नेता नज़र नहीं आ रहे थे। सरकार ने सभी को कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाई। जिस तरह आपने सपा, बसपा और कांग्रेस के जिन्न को बोतल में भरकर हमेशा के लिए राजनीति से ख़ारिज कर दिया है वैसे ही हमने कोरोना के जिन्न को बोतल में भरकर बंद कर दिया है। जनसभा के बीच में ही उन्हें एक बुल्डोजर नज़र आ गया।



इस पर सीएम योगी ने कहा कि ये बुल्डोजर विकास के साथ माफियाओं की अनैतिक कमाई पर इसे चढ़ाने का भी प्रतीक है। सीएम ने कहा कि आज प्रदेश की बेटियां सुरक्षित हैं। बिना भय, आतंक के स्कूल जा सकती है। पांच साल पहले बुंदेलखंड में पेशेवर अपराधी और माफिया हावी थे। डकैतों का समानांतर साम्राज्य चल रहा था लेकिन पांच साल के अंदर 2017 में बीजेपी ने आपसे जो कहा था उसे करके दिखाया है। पांच साल पहले जहां माफिया-भूमाफिया हावी थे आज वहां मेरी सभा से पहले यहां के नौजवानों ने एक बुल्डोजर भी लाकर सामने खड़ा दिया है। ये बुल्डोजर विकास का प्रतीक भी है और माफियाओं की अनैतिक कमाई पर चलाने का प्रतीक भी है। सीएम योगी ने कहा कि मुझे बताया गया है यहां स्वामी ब्रह्मानंद जी के नाम पर जो महाविद्यालय है उसे विश्वविद्यालय बनाना चाहते हैं। हमारे पास दोनों तरह की स्कीम है।

न्यूज़ ट्रैक....

## आईसीसी ने महिला विश्व कप की पुरस्कार राशि बढ़ाई

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसी) ने आगामी महिला विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि बढ़ा दी है। अब महिला विश्व कप विजेता टीम को 13 लाख 20 हजार डॉलर (9.93 करोड़ रुपये) की इनामी राशि मिलेगी। यह साल 2017 में इंग्लैंड में हुए विश्व कप की राशि से दोगुनी है। आईसीसी ने इस बात की जानकारी दी है। उसके अनुसार इस टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि में 75 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली आठ टीमों के बीच 35 लाख डॉलर की इनामी राशि बांटी जाएगी, जो पिछले टूर्नामेंट की तुलना में 15 लाख डॉलर अधिक है। अब टूर्नामेंट की उप-विजेता टीम को छह लाख डॉलर की इनामी राशि मिलेगी, जो 2017 में मिली राशि से दो लाख 70,000 हजार डॉलर अधिक है। वहीं सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमों को तीन-तीन लाख डॉलर मिलेंगे जबकि ग्रुप चरण से बाहर होने वाली चार टीमों में से प्रत्येक को 70 हजार डॉलर की राशि मिलेगी, जो पिछले टूर्नामेंट के 30 हजार डॉलर की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा है। ग्रुप चरण में जीत दर्ज करने वाली प्रत्येक टीम को सात लाख डॉलर की राशि में से प्रत्येक जीत के लिए 25 हजार डॉलर मिलेंगे। न्यूजीलैंड में होने वाले आगामी विश्व कप में कुल 28 ग्रुप मुकाबले होंगे, जो राउंड रॉबिन प्रारूप में खेले जाएंगे. सभी आठ टीमों को एक-दूसरे के खिलाफ एक बार खेलने का मौका मिलेगा।

## लिविंग्स्टन से पंजाब को बेहतर प्रदर्शल की उम्मीद

**बेंगलुरु।** पंजाब किंग्स को ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। पंजाब ने इस खिलाड़ी को मेगा नीलामी के बाद 11.5 करोड़ की रकम देकर खरीदा था। लिविंगस्टन के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के अलावा गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद ने भी बोली लगाई थी। लिविंगस्टन को मिली इस रकम ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि वह अभी क्रिकेट के दुनिया में सबसे वांछित टी20 खिलाड़ियों में से एक हैं। पिछले 12 महीनों में लिविंग्स्टन ने अलग-अलग टीमों की ओर से खेला है हालांकि गत वर्ष हुए टी20 विश्व कप में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। वह 5 पारियों में केवल टी20 विश्व कप में मात्र 42 रन बनाए। लिविंगस्टन ने अंतराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में केवल 20 मैच खेले हों लेकिन इस फॉर्मेट में वह विश्व की ज़्यादातर टीमों को काफी आकर्षित कर रहे हैं। इसका सबसे प्रमुख कारण है कि वह किसी भी स्थान पर बल्लेबाज़ी कर सकते हैं। साथ ही वह लेग ब्रेक और ऑफ ब्रेक गेंदबाजी

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में भी जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरी टीम इंडिया



**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां मेहमान टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 क्रिकेट मुकाबले में जीत के इरादे से उतरेगी। एकदिवसीय सीरीज में शानदार जीत से उत्साहित भारतीय टीम इस सीरीज में भी जीत दर्ज करना चाहेगी। यह सीरीज आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए भी अहम है , इसलिए इसमें दोनो ही टीमें बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी। इसी कारण भारतीय टीम ने इस सीरीज में कई युवा प्रतिभाओं को अवसर दिया है। भारतीय टीम प्रबंधन का लक्ष्य इस सीरीज के जरिये टीम के लिए सही संयोजन तलाशना रहेगा।

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के अलावा सभी अन्य खिलाड़ी भी इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। टीम इंडिया सलामी जोड़ी, मध्यक्रम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी को लेकर विशेष रणनीति भी तैयार करना चाहेगी। भारतीय टीम में काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी उपस्थित हैं। भारतीय टीम में शामिल कई खिलाड़ियों श्रेयस अय्यर , हर्षल पटेल और शारदुल ठाकुर आदि को बड़ी रकम मिली है। ऐसे में इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर सभी की नजरें होंगी। इसके अलावा भारतीय टीम को लोकेश राहुल का भी विकल्प तलाशना होगा। राहुल मांसपेशियों में खिंचाव के इस सीरीज से बाहर हो गये हैं। ऐसे में उनकी जगह ऋषभ पंत को उपकप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

राहुल के बाहर होने के कारण ईशान किशन को रोहित के साथ पारी की शुरुआत का अवसर मिल सकता है। इसके अलावा एक अन्य बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ या वेंकटेश अय्यर को भी यह जिम्मेदारी मिल सकती है। वहीं पूर्व कप्तान विराट कोहली अगर रोहित के साथ पारी की शुरुआत करते हैं तो यह रोमांचक होगा। कोहली पिछले कुछ समय से उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और उन्होंने पिछला शतक इसी मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ दिन-रात्रि टेस्ट में नवंबर 2019 में लगाया था। वहीं मध्यक्रम में बल्लेबाज सूर्यकुमार एकदिवसीय श्रृंखला में 52 की औसत से 104 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे हैं जबकि अय्यर ने तीसरे एकदिवसीय में 80 रन की शानदार पारी खेली थी। निचले क्रम में भारत के पास शारदुल ठाकुर, दीपक चाहर और हर्षल पटेल के रूप में अच्छे खिलाड़ी हैं। स्पिन की जिम्मेदारी युजवेंद्र चहल पर रहेगी। चहल ने एकदिवसीय श्रृंखला में वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया था।

# तो फ्रेंच ओपन और विम्बलडन से भी बाहर होंगे जोकोविच

**लंदन।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का आगामी फ्रेंच ओपन और विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट में भी खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है। जोकोविच ने कहा है कि अगर कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण जरुरी हुआ तो वह फ्रेंच ओपन और विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर रहने के लिए भी तैयार हैं क्योंकि उन्होंने टीकाकरण नहीं कराया है। विश्व के इस नंबर एक खिलाड़ी ने कहा है कि वह अगले दो ग्रैंडस्लैम और कई अन्य टूर्नामेंट में नहीं खेलने के लिए मानसिक रुप से तैयार हैं। जोकोविच ने कहा, 'मैं टीकाकरण नहीं कराने के अपने फैसले के परिणामों को समझता हूं। उन्होंने कहा, 'मैं समझता हूं कि अगर मेरा टीकाकरण नहीं हुआ है तो मुझे पता है कि मैं अभी अधिकतर टूर्नामेंट के लिए यात्रा नहीं कर पाऊंगा। इससे पहले जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन भी नहीं खेल पाये थे क्योंकि उन्हें ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने निर्वासित कर दिया था। इस मामले में वह ऑस्ट्रेलियाई अदालत भी गये थे पर अंत में उन्हें बाहर होना पड़ा था।



## प्रो लीग हॉकी के अनुभवों का लाभ भारतीय टीम को बड़े टूर्नामेंट में मिलेगा: कोच

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेक शोपमैन ने कहा है कि प्रो लीग हॉकी से भारतीय टीम का खेल आने वाले प्रमुख टूर्नामेंटों विश्व कप, राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों के लिए बेहतर होगा। शोपमैन ने कहा, ''मैं चाहती हूं कि हमारी टीम विश्व कप या एशियाई खेल जैसी प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे। इसके लिए खिलाड़ियों को उस स्तर का अनुभव भी होना चाहिये।''

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम दूसरे एकदिवसीय में भी हारी, न्यूजीलैंड 2-0 से आगे



**क्वीन्सटाउन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को मेजबान न्यूजीलैंड के हाथों दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में भी तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ ही न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। न्यूजीलैंड की ओर से अमेलिया केर ने 119 जबकि मैडी ग्रीन ने 52 रनों की शानदार पारी खेली। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान मिताली राज 66 और ऋचा घोष के 65 रन की अर्धशतकीय पारियां की सहायता से निर्धारित पचास ओवरों में छह विकेट पर 270 रन बनाए। भारत की ओर से सलामी बल्लेबाज सब्भिनेनी मेघना ने भी 49 रन बनाये जबकि शैफाली वर्मा ने 24 व यास्तिका भाटिया ने 31 रनों का योगदान दिया। इसके बाद जीत के लिए मिले 271 रनों के लक्ष्य को न्यूजीलैंड ने सात विकेट खोकर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सोफी डिवाइन और सूजी बेट्स ने पहले पांच ओवरों में ही 35 रन बना दिय। बेट्स 16 रन बनाकर आउट हुईं। डिवाइन भी 33 रन बनाकर राजेश्वरी गायकवाड़ का शिकार बनीं। एमी सैटरथवेट खाता भी नहीं खोल पायीं। अमेलिया केर और मैडी ग्रीन ने इसके बाद चौथे विकेट के लिए 128 रन की साझेदारी की। भारत की पूनम यादव ने ग्रीन को 52 रनों पर आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद अमेलिया ने अन्य खिलाड़ियों के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई।







# महिलाओं को बोलने और कपड़े पहनने के तरीके पर जज किया जाता है : अनुप्रिया



अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका सभी से महिलाओं की इज्जत करने की उम्मीद करती हैं। उन्होंने कहा, यह काफी विडंबनापूर्ण है। हम में से कई लोग अभी भी अपने मूल अधिकारों से वंचित हैं और समान अवसर अभी भी एक मिथक है। उन्होंने कहा, मुझे यह परेशान करता है कि महिलाओं को इस बात के आधार पर आंका जाता है कि वे कैसे कपड़े पहनती हैं और किस तरह बोलती हैं। यदि हम समाज की नैतिकता का पालन नहीं करते हैं, तो हमें अलग-अलग मनगढ़ंत नामों से बुलाया जाता है। अभिनेत्री जल्द ही आश्रम 2 में दिखाई देगी और वह कहती है कि अपने काम से वह हमेशा उन मुद्दों को उजागर करने का कोशिश करेगी जो महिलाओं की सुरक्षा और विकास के संबंधित हैं। मैं उन मुद्दों को सामने लाना चाहती हूं जो आज भी महिलाओं को प्रभावित कर रहे हैं। आपराधिक न्याय : बंद दरवाजे के पीछे में मैंने एक वकील की भूमिका निभाई और घरेलू दुर्व्यवहार और हिंसा के मामले उठाए। कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन में ऐसे मामलों में देखे गए। घरेलू दुरुपयोग अभी भी बहुत ही बड़ा मुद्दा है। कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता, क्योंकि यह बंद दरवाजों के पीछे होता है। अनुप्रिया पहले से ही सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता पैदा करती आ रही हैं। उन्होंने कहा, मैंने अपने सोशल मीडिया पर जागरूकता पैदा करना शुरू कर दिया है।

## प्रभास की फिल्म में नजर आ सकते हैं विक्की कौशल

साउथ फिल्मों के मशहूर अभिनेता प्रभास इन दिनों अपनी अगली फिल्म आदिपुरुष को लेकर सुर्खियों में बने हुए है। प्रभास ने अपनी इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। कुछ समय पहले ही फिल्म आदिपुरुष की शूटिंग प्रभास ने डायरेक्टर ओम राउत के साथ शुरू की है। फिल्म आदिपुरुष में प्रभास भगवान राम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। वहीं अभिनेता सैफ अली खान लंकेश के रोल में दिखाई देने वाले हैं। फिल्म को लेकर पिछले काफी समय से कई तरह की खबरें सामने आ रही हैं। फिल्म आदिपुरुष की कहानी रामायण पर आधारित होगी। यही कारण है कि फिल्म में बाकी किरदारों का चयन भी इसी प्रकार किया जा रहा है। फिल्म राम और लंकेश का रोल फाइनल कर लिया गया है। अब फिल्म में लक्ष्मण के किरदार के लिए किस अभिनेता को साइन किया जाएगा इस पर अभी संदेह बना हुआ है। लेकिन इस वक्त की आठ ताजा खबरों के अनुार ऐसा कहा जा रहा है कि आदिपुरूष में लक्ष्मण के किरदार के लिए बॉलीवुड के अभिनेता विक्की कौशल को चुना गया है। विक्की कौशल बॉलीवुड के उभरते हुए कलाकारों में से एक हैं। जिनके कंधों पर आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्में है। यही कारण है कि अब मेकर्स आदिपुरुष में विक्की कौशल को लक्ष्मण के किरदार के लिए साइन किया है। यह फिल्म रामायण पर आधारित होगी जिसमें जबरदस्त वीएफएक्स वर्क भी देखने को मिलेगा। विक्की कौशल कई बार कह चुके हैं कि वो अभिनेता प्रभास के फैन हैं। वो बाहुबली की सीरीज को भी काफी ज्यादा पसंद करते हैं। ऐसे में अगली फिल्म में नजर आ सकते हैं। आदिपुरुष के मेकर्स की तरफ से इस को लेकर कोई भी ऐलान नहीं किया गया है।



## नए पोस्टर के साथ चेहरे के ट्रेलर का ऐलान, फिल्म की रिलीज डेट में भी हुआ बदलाव

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और अभिनेता इमरान हाशमी की मोस्ट अवेटेड फिल्म चेहरे का नया पोस्टर नए रिलीज डेट के साथ सोमवार को जारी किया गया हैं। इसके साथ ही फिल्म के ट्रेलर की भी घोषणा की हैं। मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर 18 मार्च को जारी करने की घोषणा की हैं। इसकी जानकारी फिल्म के प्रोड्यूसर आनंद पंडित ने सोशल मीडिया पर दी। आनंद पंडित ने ट्विटर पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर करते हुए लिखा-अदालतों में जस्टिस नहीं जजमेंट होता हैं , इन्साफ नहीं फैसला होता हैं।त्तचेहरे ट्रेलर आ रहा है 18 मार्च को ! देखिये चेहरे सिनेमाघरों में 9 अप्रैल को ! फिल्म के इस नए पोस्टर में अमिताभ बच्चन कोट पहने हुए हैं और सिर पर ऊनी कैप और चश्मा लगाए हुए हैं। उनकी लम्बी दाढ़ी में गांठ लगी हुई है।अमिताभ का यह लुक काफी सस्पेंस भरा हैं। फिल्म चेहरे एक मिस्ट्री -थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में अमिताभ रिटायर्ड वकील वीर सहाय की भूमिका में हैं।

# अगली फिल्म में दमदार रोल में नजर आएंगे थलापति विजय, मास्टर अभिनेता कर रहे खास तैयारी



साउथ फिल्मों के मशहूर सुपरस्टार अभिनेता थलापति विजय आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। उनकी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म मास्टर ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की है। फिल्म मास्टर में थलापति विजय के अलावा विजय सेतुपति भी अहम रोल में नजर आए थे। इन दोनों कलाकारों के अभिनय से दर्शक भी काफी ज्यादा प्रभावित हुए हैं। फिल्म की कहानी को दर्शकों द्वारा पसंद किया गया था। फिल्म ने कई दिनों तक बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई करके कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए हैं। अब थलापति विजय के चाहने वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। वो ये है कि थलापति विजय की अगली फिल्म थलापति 65 है। जिसकी तैयारी मेकर्स ने शुरू कर दी है। अभिनेता विजय का फिल्म थलापति 65 दमदार किरदार दिखाई देने वाला है। थलापति विजय फिल्म की शूटिंग मई के महीने से शुरू करने वाले हैं। अब फिल्म में थलापति विजय के किरदार के बारे में नई जानकारी सामने आई है। अभिनेता इस फिल्म में एक एजेंट के रोल में नजर आएंगे। सूत्रों के हवाले से आई खबरों में ऐसा कहा जा रहा है कि, फिल्म में थलापति विजय का एकदम नया अवतार देखने को मिलेगा। थलापति विजय फिल्म में एक ऐसे एजेंट का रोल निभाने वाले है जो धोखाधड़ी करने में एक्सपर्ट होता है। फिल्म थलापति 65 में थ्रिलर और एक्शन का तगड़ा लड़का भी देखने को मिलेगा। अभिनेता इन दिनों अपनी इस फिल्म की तैयारी कर रहे है। थलापति विजय के चाहने वालों को उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म में मुख्य किरदार के लिए अभिनेत्री पूजा हेगड़े का नाम फाइनल कर लिया गया।

# लोग मुझे कहते थे कि मैं एक लड़के की तरह दिखती हूं: अनन्या पांडे

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे कई बार अपने फिगर और एक्टिंग की वजह से ट्रोलर्स के निशाने पर आ चुकी है। लेकिन पहली बार एक्ट्रेस ने उन्हें ट्रोल करने वालों को लेकर अपना रिएक्शन दिया है। अनन्या पांडे ने कहा, मुझे सही समय याद नहीं है लेकिन मेरे माता-पिता के साथ मेरी तस्वीरें हुआ करती थीं। उस समय, मैं एक कलाकार नहीं थी। मैं अपने माता-पिता के साथ बाहर जाती थी। जैसा कि मैंने कहा, मैं बहुत पतली थी। लोग कहते थे कि मैं एक लड़के की तरह दिखती हूं, फ्लैट्सस्क्रीन जैसी बातें करते थे।



अनन्या पांडे ने आगे कहा, उस समय यह सब बातें मुझे काफी दुख पहुंचाती थीं। जब आप अपना आत्मविश्वास बना रहे होते हैं, खुद से प्यार करना सीख रहे होते हैं फिर ऐसे में जब आपको लगता है कि कोई आपको नीचे खींच रहा है, तो आप खुद पर संदेह करना शुरू कर देते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब मैं धीरे-धीरे ऐसे मुकाम पर पहुंच रही हूं, जहां मैं सिर्फ खुद को स्वीकार करने पर ध्यान दे रही हूं। अनन्या पांडे के इस बयान की सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है। बता दें कि अनन्या पांडे ने साल 2019 में करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। हालांकि अनन्या पांडे की यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई।

## केजीएफ 2 निर्देशक के साथ मिलकर अल्लू अर्जु करने वाले हैं बड़ा धमाका




साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर और स्टाइलिश अभिनेता अल्लू अर्जुन अपनी फिल्मों और स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। वो इस वक्त सबसे चर्चित अभिनेताओं की लिस्ट में आते है। अल्लू अर्जुन की फिल्मों को लोग काफी ज्यादा पसंद करते है। अल्लू अर्जुन की पिछली रिलीज फिल्म अल वैकुंठपुरमलो है। अभिनेता की इस फिल्म ने बॉक्स आफिस पर धमाकेदार कमाई की थी। अभिनेता अल वैकुंठपुरमलो की फिल्म को सिर्फ साउथ भारत में नहीं बल्कि नार्थ इंडिया में भी अच्छी खासी कमाई की थी। अल वैकुंठपुरमलो की सफलता के बाद उनकी चर्चा चारों तरफ होने लगी है। अब अभिनेता अल्लू अर्जुन आने वाले दिनों में फिल्म पुष्पा में नजर आने वाले है। जिसका पोस्टर कुछ समय पहले ही रिलीज किया गया था। इस फिल्म के पोस्टर का देखकर फैंस उनकी इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा पैन इंडिया की फिल्म है। जिसको मेकर्स ने हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज करने की उनकी प्लानिंग है। अब अल्लू अर्जुन को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। इस खबर को सुनने के बाद अल्लू अर्जुन के चाहने वालों की खुशी का ठिकाना ही नहीं होगा।

# इंसानों से ज्यादा जानवरों संग सहज हूं : अदा शर्मा



अभिनेत्री अदा शर्मा का कहना है कि इंसानों से ज्यादा उन्हें जानवरों से घिरे रहना पसंद है। अदा आगे कहती हैं कि ये बिल्कुल भी जटिल नहीं होते हैं और इनके साथ भावनाओं को साझा करना आसान रहता है। अदा ने बताया, मैं हमेशा से ही इंसानों से ज्यादा जानवरों संग सहज महसूस करती हूं। मुझे पार्टी में जाना या अनजान लोगों के बीच में रहना पसंद नहीं है। लेकिन इसी जगह मुझे किसी जंगल में छोड़ आइए, मुझे घर जैसा महसूस होगा। जानवर जटिल नहीं होते हैं और इनसे घुलना-मिलना भी आसान होता है। वे क्षण में अपनी जिंदगी को जीते हैं। अदा ने हाल ही में एक घायल पंछी को रेस्क्यू कर उसे ट्विटर का नाम दिया। हैदराबाद के पास स्थित एक जंगल के पेड़ में से गिरकर यह पक्षी चोटिल हो गई थी। अदा यहां अपने अगले प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रही थीं और इसी दौरान उन्होंने इसे बचाया। अभिनय की बात करें, तो अदा हाल ही में अभिनेत्री अनुप्रिया गोएनका संग शॉर्ट फिल्म चूहा बिल्ली में नजर आई। उन्होंने पांच नई तेलुगू फिल्मों को साइन करने की बात कही है।

# सेब खाने से पहले जरूर बरतें यह सावधानी, हो सकता है जानलेवा



कहा जाता है कि जो रोज एक सेब खाता है उसके घर कभी डॉक्टर नहीं आता। डॉक्टर भी कहते हैं कि सेब जरूर खाना चाहिए। बुखार के बाद आई कमजोरी को दूर करने के लिए भी सेब ही खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन इस फल को लेकर एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि सेब खाने से पहले उसके बीज को सावधानी जरूर हटा देना चाहिए क्योंकि यह पेट के अंदर जाते ही जहरीला हो जाता है और इससे जान जा सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि बीज में अमिगडलिन नाम का एक तत्व होता है जो पेट के अंदर पाए जाने वाले एंन्जाइम के संपर्क में आते ही सायनाइड बनाने लगता है। हालांकि जरूरी नहीं है कि ऐसा हो। लेकिन अगर कभी साइनाइड बन जाता है तो यह इंसान की बीमार बना सकता है यहां तक कि उसकी मौत हो सकती है। आपको बता दें कि सायनाइड अब तक सबसे घातक जहर माना जाता है। पोटेशियम सायनाइड का तो आज तक कोई स्वाद ही नहीं बता पाया है। कई फलों के बीजों में अमिगडलिन पाया जाता है हालांकि इसके जानलेवा बनने के आशंका कम रहती है। फिर भी हमें किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। अब आप कभी भी सेब या ऐसा कोई फल जिसमें छोटे-छोटे बीज पाए जाते हैं तो उनको ठीक से जरूर हटा लें।



## रिसर्च के अनुसार इस उम्र के बाद जींस पहनना हो सकता है खतरनाक

पार्टी, आउटिंग हो या यूं कही जाने से पहले अगर हम कुछ पहनने का सोच रहे हैं तो दिमाग में सबसे पहले आता है जींस। जींस को लेकर अक्सर यह बात कही जाती है यह कंफर्टेबल होने के साथ-साथ आपके फैशन में कोई कमी नहीं आती है। जींस को लेकर आप ऐसी बात सुनेंगे तो आपका दिल जरूर बैठ जाएगा कि एक उम्र के बाद आपको जींस पहनना छोड़ देना चाहिए। दरअसल ब्रिटेन में हुए एक रिसर्च में ये बात सामने आई है कि 53 साल की उम्र तक पहुंचने के बाद आपको जींस पहनने का मोह त्याग देना चाहिए। ये रिसर्च कलेक्टप्लस कुरियर सर्विस ने की है। इस रिसर्च के मुताबिक इस उम्र के बाद आपको अपने लिए परफेक्ट जींस चुनने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और अगर आपको जींस मिल भी गई तो आपको उसके लिए ज्यादा रुपए खर्च करने पड़ते हैं। हालांकि इस रिसर्च की बात वोग मैग्जीन की एडिटर केली कोनर सिरे से खारिज करती हैं। उनका कहना है जब तक आप जींस पहनने में खुद को कंफर्टेबल महसूस करते हैं जब तक आप जींस का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## लालू पर शिकंजा

26 साल से कोर्ट में चल रहे देश के बहुचर्चित चारा घोटाले में एक बार फिर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को तगड़ा झटका लगा है। पांचवें और सबसे बड़े मामले डोरंडा केस में भी लालू को सीबीआई की विशेष कोर्ट ने दोषी ठहराया है। उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। लालू प्रसाद यादव पर सजा का एलान अब 21 फरवरी को किया जाएगा। 139.5 करोड़ रुपए की अवैध निकासी केस में सजा का ऐलान बाद में होगा। इस मामले में 36 लोगों को 3-3 साल की सजा सुनाई गई है। हालांकि, लालू प्रसाद यादव पर सजा का एलान अब 21 फरवरी को किया जाएगा। यह मामला डोरंडा कोषागार से 139 करोड़ रुपए की अवैध निकासी से जुड़ा है। बिहार की राजनीति से दिल्ली की सियासत में अपना दबदबा रखने वाले लालू चारा घोटाले में ऐसे घिरे कि सियासत में अर्श से फर्श पर आ गए। डोरंडा कोषागार घोटाले में कई चौंकाने वाले मामले सामने आए। जिसमें पशुओं को फर्जी रूप से स्कूटर और मोटरसाइकिल पर ढोने की कहानी शामिल है। मामला 1990-92 के बीच का है। अफसरों और नेताओं ने फर्जीवाड़ा की नई कहानी ही लिख दी। फर्जीवाड़ा कर बताया गया कि 400 सांड़ को हरियाणा और दिल्ली से स्कूटर और मोटरसाइकिल पर रांची तक ढोया गया। यानी घोटाले में जिस गाड़ी नंबर को विभाग ने पशु को लाने के लिए दर्शाया था, वे मोटसाइकिल और स्कूटर के नंबर निकले। सीबीआई ने जांच में पयाा कि कई टन पशुचारा, पीली मकई, बादाम, खल्ली, नमक आदि ढोने के लिए स्कूटर, मोटरसाइकिल और मोपेड का नंबर दिया गया था। सीबीआई ने जांच में कहा था कि ये व्यापक षड्यंत्र का मामला है। इसमें राज्य के नेता, कर्मचारी और व्यापारी सब भागीदार थे। इस मामले में बिहार के एक और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. जगन्नाथ मिश्र समेत राज्य के कई मंत्री गिरफ्तार किए गए थे। लालू प्रसाद को अब तक करोड़ों रुपये के चारा घोटाले से जुड़े पांच में से चार मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है। चारा घोटाले के चार मामलों- देवगढ़, चाईबासा, रांची के डोरंडा कोषागार और दुमका मामले में लालू प्रसाद को जमानत दे दी गई थी। डोरंडा केस में लालू को सजा ऐसे समय हुई है, जब वे बिहार की राजनीति में सक्रिय भूमिका में आने लगे थे और जातिगत जनगणना के मुद्दे पर नीतीश के साथ तेजस्वी यादव की नजदीकी के पीछे भी लालू की भूमिका मानी जा रही थी। लालू यादव अगर फिर से जेल जाते हैं तो यह राजद के लिए बड़े झटके जैसा होगा। बिहार की राजनीति में भाजपा और जदयू को कहने का मौका मिल जाएगा कि राजद सिर्फ कमाई के लिए सत्ता चाहती है। यह किसी से छिपा नहीं है कि बिहार की राजनीति में लालू का क्या प्रभाव है। वे नीतीश के साथ सरकार बनाकर अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं। एक बार फिर वे इसी राह पर आगे बढ़ रहे थे। अब 21 फरवरी को तय होगा कि लालू यादव बिहार की राजनीति में वापसी कर पाएंगे या नहीं। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का बिहार में राजनीतिक प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता है। बदले हालात में लालू के प्रतिद्वंद्वियों की नजर उनके सामाजिक आधार व परांपरागत वोटरों में पैठ बनाने की है। हालांकि राजद को भरोसा है कि लालू के प्रति सहानुभूति से पार्टी को जरूर फायदा पहुंचेगा। लालू के प्रभाव का इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा एवं जदयू को लग रहा है कि चारा घोटाले में सजा के बाद यादव वोटर उनके तरफ खिसक आएंगे। बिहार की करीब साढ़े दस करोड़ की जनसंख्या में 11 फीसद यादव मतदाता हैं। यह लालू यादव के प्रति न सिर्फ वफादार समझे जाते हैं।

# एक ही उम्र और एक ही तारीख़ को अलविदा हुए मेरे माता पिता

**डा0श्रीगोपालनारसन एडवोकट**

माता -पिता शब्द सुनते ही अपने माता -पिता का चेहरा हमारी आंखों के सामने आ जाता है और हमारी उम्र कितनी भी हो जाए,तब भी हम स्वयं को बच्चा महसूस करने लगते है।इसी सुखद सोच से हम अपने बड़ो को याद करते है।माता पिता चाहे किसी के भी हो, उनके कदमों में स्वर्ग सी अनुभूति होती है। जब कभी स्नेह वश बालिग हो जाने के बाद भी मैं मां की गोद मे सिर रखकर उनका दुलार पाता था या फिर पिता का स्नेहशील हाथ मेरे सिर पर आ जाता था तो उस समय मैं स्वयं को सबसे भाग्यशाली व सुरक्षित महसूस करता था।लेकिन जब मेरे माता पिता इस दुनिया से चले गए तो मुझे लगा जैसे मुझ पर से किसी ने मेरा साया छीन लिया और मैं सदा के लिए अनाथ हो गया। इसी कारण माता पिता के चले जाने के बाद मेरे जीवन में उदासी व अवसाद इस कदर आया था जैसे मेरी दुनिया ही सुनी हो गई थी।वास्तव में माता पिता के दिवगंत होने के बाद उनके कदमों की जन्नत ने मेरा साथ छोड दिया था। मुझे अब न मां की गोद में सिर रखकर मां के ममत्व की अनुभूति हो पा रही थी, न ही पिता के ममत्व भरे हाथ मेरे सिर को सहलाने के लिए अब बचे थे। माता पिता की देह से तो मैं हमेशा के लिए वंचित हो गया था परन्तु आत्म स्वरूप में माता पिता का अक्स आज भी मेरी आंखों में बसा हुआ है और लगता है कि वे मुझे कदम कदम पर सन्मार्ग दिखाते रहते है। आज भी लगता है कि जैसे वे मुझे जीवन की कठिन राह पर उगंली पकडकर लेकर चलते है। मै भी माता पिता के अक्स और उनकी यादों के साथ उनके बताए मार्ग पर चल निरंतर चल रहा हूँ।उसी मार्ग पर जिस मार्ग पर ले चलने का उन्होने स्वपन बुना था। माता पिता के आदर्शो पर चलने की प्रेरणा ही मेरी सफलता का कारण बनी है।मेरे लौकिक माता पिता के चले जाने के बाद मुझे परमात्मा शिव की रूहानी गोद प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोग के माध्यम से मिली।यह ऐसी सुखद गोद है जिसका सुख लौकिक माता पिता के सुख से भी बढ़कर है।परमात्मा शिव को आत्मसात करने से मेरे जीवन की दशा और दिशा ही बदल गई। आपको बता दू मेरे पिता मदन लाल शर्मा मेरी मां प्रकाशवती से तीन साल पहले 13 फ़रवरी सन 2009 में 82 वर्ष की आयु में दिवंगत हो गए थे। 13 फरवरी के दिन ही सन 2012 में मेरी मां प्रकाशवती ने अपने जीवन का महाप्रयाण किया था। मेरे पिता मदन लाल शर्मा एक रहमदिल इंसान थे और उनमें मां जैसा ममत्व था।तभी तो मां जब पढने के लिए कहती या फिर पढाई न करने पर डांटती तो पिताजी मां के सामने हमारे लिए सुरक्षा कवच बनकर खडे हो जाते और प्यार से कहते कोई बात नही, धीरे धीरे पढ लेगें । कई बार तो मां जब घर पर नही होती और हम भाई बहन रात में मां के निर्देश पर देर रात तक पढ रहे होते तो पिताजी हमें कहते थे बस, बहुत पढाई कर ली। अब सो जाओं। मां के बीमार होने या फिर मायके जाने पर भी पिताजी अपने हाथ से खाना बनाकर हमें खिलाते थे । पिताजी हमारे लिए पिता के साथ साथ दुसरी मां की तरह थे।जबकि मां जो अपने जीवन में कभी स्कूल नही गई थी ,हम भाई बहन की पढाई को लेकर इतनी सजग थी कि बडे भाई श्याम मोहन शर्मा का पालिटेक्निक में एडमिशन कराने के लिए उन्होने अपने जेवर तक बेच दिये थे। हम भी पढ सके और अच्छे नम्बरो से पास हो,इसके लिए मां हर रोज देर रात तक हमे पढने के लिए कहती थी स्वयं भी रात भर जागकर हमारे पास बैठी रहती और देखती रहती कि हम पढ रहे है या नही । उस जमाने में टेलीविजन नये नये आए थे। हमारे गांव नारसन कलां में सिर्फ एक या दो टेलीविजन ही थे।टेलीविजन पर हर रविवार को फीचर फिल्म और हर बुधवार को चित्रहार टेलीविजन का प्रमुख आकर्षण था। हमारी भी इच्छा होती कि हम फिल्म और चित्रहार देखे परन्तु मां हमारी पढाई के कारण



टेलीविजन देखने की अनुमति नही देती थी। कई बार हमे बुरा भी लगता परन्तु जब हमारा रिजल्ट आता और हम पास होते तो गांव के लोग बोलते कि पास हम नही, हमारी मां हुई है। गांव के लोगो की यह बात सोलह आने सच भी थी क्योकि मां का अपने बच्चो की पढाई के प्रति इस जुजून के कारण ही हम हर परीक्षा में सफ़ल हो सके।मेरे माता पिता ने गरीबी के दिनों में भी कभी होंसला नही खोया और मां ने पिताजी का साथ निभाने के लिए सन 1965 में अनपढ होते हुए भी सिलाई व कढाई में डिप्लोमा किया और फिर घर में सिलाई कढाई करके घर चलाने में पिताजी की मदद की ।मेरी मां प्रकाशवती सन 1942 के जनआन्दोलन में तिरंगा फैहराते हुए हरिद्वार में शहीद हुए 17 वर्षीय जगदीश प्रसाद वत्स की सगी छोटी बहन थी और जब उनके भाई जगदीश वत्स शहीद हुए, उस समय मां प्रकाशवती की उम्र केवल 14 वर्ष की थी। शहादत के अगले वर्ष ही शहीद पुत्र जगदीश के गम में हमारे नाना नानी गुजर गए थे,जिससे मां के जिम्मे मात्र 15 वर्ष की आयु में अपने परिवार की जिम्मेदारी आ गई थी। उन कठिन दिनों में जिम्मेदारी के एहसास और अनुभव से ही मेरी मां को वह ताकत मिली थी कि वे जीवन के हर मोड पर सफल रही और हमें कामयाब कर पायी।

मां अपने या पराये किसी भी बच्चे में कोई भेद नही करती थी।न्याय प्रिय मेरी मां ने कभी हमारी गलती को नही छिपाया और कभी दूसरो पर झूठा दोषारोपण नही किया। उनकी अपनी कोई गलती होती तो सहजता से उसे स्वीकार कर लेना ही मां का स्वभाव था। अपने जीवन के अन्तिम दिनों में मां ने शारिरीक कष्ट झेलते हुए भी कभी अपना दुख प्रकट नही किया । जब भी मां से उनकी तकलीफ जानने की कौशिश करते तो मां के मुंह से एक ही शब्द निकलता कि वह ठीक है। दरअसल मां नही चाहती थी कि उनके दुख को देखकर कोई दुखी हो। जीवन पर्यन्त संयमी,शांत और सन्तुष्ट रही मां प्रकाशवती के अन्दर राष्ट्रभक्ति का भाव कूट कूटकर भरा था।उन्हे अपने भाई जगदीश वत्स के बलिदान के लिए एक बडे पत्र समूह द्वारा सम्मानित भी किया गया था। मां प्रकाशवती चाहती थी उनके अमर शहीद भाई जगदीश प्रसाद वत्स की जीवनी स्कूली पाठयक्रम में शामिल हो ,ताकि आने वाली पीढी देश के शहीदो से प्रेरित होकर राष्ट्रभक्ति के मार्ग को अपना सके।मां के इस सपने को पूरा करने के लिए उत्तराखण्ड के तत्कालीन मुख्यमन्त्री हरीश रावत ने अमर शहीद जगदीश वत्स की जीवन पाठयक्रम में शामिल करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दे दिये थे ,लेकिन उनकी सरकार चले जाने के कारण उक्त निर्देश आज तक फलित नहीं हो पाए है।अलबत्ता उनकी पुण्यतिथि 14 अगस्त पर हर वर्ष हरिद्वार के भल्ला पार्क में उनकी याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।जगदीश वत्स की याद में ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज हरिद्वार व भल्ला में उनकी प्रतिमा लगी है,वही अब उनकी जन्म स्थली ग्राम खजूरी अकबरपुर में भी जगदीश प्रसाद स्मारक विद्यालय में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है। मेरी मां प्रकाशवती को जहां अपने भाई जगदीश वत्स की शहादत पर नाज़ रहा वही वे और पिता मदन लाल शर्मा स्वाभिमान की प्रतिमूर्ति थे।उनको शतशत नमन। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)।

## उत्तम शरण है धर्म

धर्म के बारे में भिन्न-भिन्न अवधारणाएं हैं। कुछ जीवन के लिए धर्म की अनिवार्यता को स्वीकार करते हैं। कुछ लोगों का अभिमत है कि धर्म ढकोसला है। वह आदमी को पंगु बनाता है और रूढ़ धारणाओं के घेरे में बंदी बना लेता है। शायद इन्हीं अवधारणाओं के आधार पर किसी ने धर्म को अमृत बताया और किसी ने अफीम की गोली। ये दो विरोधी तत्व हैं। इन दोनों ही तथ्यों में सत्यांश हो सकता है, यह अनेकांतवादी चिंतन का फलित है। धर्म की अनिवार्यता स्वीकार करने वालों के लिए धर्म है अंधकार से प्रकाश की यात्रा। आलोक आदमी के भीतर है। उसे पाने के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं है। आलोक तक वही पहुंच सकता है, जो अंतमरुखी होता है। अंतमरुखता धर्म है और बहिर्मुखता अधर्म है। अंतमरुखता प्रकाश है और बहिर्मुखता अंधकार है। अंतर्मुखता धर्म है और बहिर्मुखता अधर्म है। अंतर्मुखता आचार है और बहिमरुखता अतिचार है। जो व्यक्ति जितना भीतर झांकता है, उतना ही धर्म के निकट होता है। धर्म को मानने वाले वे प्रबुद्ध लोग हैं जिन्होंने पूजा और उपासना को ही धर्म मान लिया। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा आदि धर्म-स्थानों में जाने वाले व्यक्तियों के हर आचरण को धर्म समझ लिया। धार्मिक क्रियाकांडों तक जिनकी पहुंच सीमित हो गई और धार्मिकों की दोहरी जीवनपद्धति को देखकर जो उलझ गए। भगवान महावीर अपने युग के सफल धर्म-प्रवर्तक थे। धर्म को जानने या पाने के लिए उन्हें किसी परंपरा का अनुगमन नहीं करना पड़ा। उन्होंने उस समय धर्म के द्विविध रुप का निरूपण किया। उनकी दृष्टि में धर्म का एक रूप अमृतोपम था तो दूसरा प्राणलेवा जहर जैसा।

# वादे के आधार पर किसकी होगी नैया पार!

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

देश में पंजाब, मणिपुर, गोवा, उतराखंड एवं उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के विधान सभा होने जा रहे है है। जिसके प्रथम चरण का 10 फरवरी को उत्तरप्रदेश राज्य के 11जिलों की 58 विधान सभा सीट से चुनाव शुरु हो गया है जहां 58 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान है। इस चुनाव में आम जनता को अपनी ओर आकर्षित कर सर्वाधिक जनमत पाकर सत्ता तक पहुंचने की होड़ में प्राय~ सभी राजनीतिक दल अपने -अपने चुनावी घोशण पत्र में लुभावनी वादे की लम्बी कतार लगा दिये है। इस दिषा में उत्तर प्रदेश चुनाव को अपने पृक्ष में करने के लिये भाजपा ने लोक कल्याण संकल्प पत्र के नाम से जारी अपने घोषणा पत्र में जहां 130 वादे का जिक्र किया है वहीं सपा अपने संकल्प पत्र में 22 तों कांग्रेस ने उन्नति विधान पत्र के नाम से जारी घोषणा पत्र में वादे किये है। इस तरह के जारी वादों की कतार में कई वादे एक जैसे लग रहे है। पर इन वादों के आधार पर चुनाव में किसकी नैया होगी पार, किसके सिर होगा ताज यह तो चुनाव उपरान्त 10 मार्च को आने वाले परिणाम में ही पता चल पायेगा।

इन चुनावों में प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा जारी घोषणा पत्र के स्वरूप पर एक नजर डालें जहां भाजपा ने लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में चुनाव उपरान्त आम जनता को मुफ्त 2 एलपीजी सिलेंडर,,स्कूटी, किसानों को मुफ्त बिजली समेत अनेक वादे षामिल है जिसमें प्रमुख रूप से लव जेहाद पर 10 साल की जेल और 1साल का जुर्माना,10 लाख रोजगार और स्वरोजगार के मौके, 2000 नई बसे, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों, विधवा और निराश्रित महिला को 1500रू. का पेंशन, सभी निर्माण श्रमिकों को मुफ्त जीवन बीमा, हर परिवार में कम से कम एक रोजगार या स्वरोगार, 2 करोड़ टैबलेट या र्स्माट फोन, 6000 डॉक्टर, 10 हजार पैराममडिकल, किसानों को सिचाई के लिये म्फ्तु बिजली, निशादराज बोट सब्सिडी,, कॉलेज जाने वाली हर महिला को मुफ्त स्कूटी, गरीब परिवार के बेटियों के विवाह के लिये 1लाख रू. की



आर्थिक मदद, 1 करोड़ महिला को आत्म निर्भर बनाने के लिये 1 लाख का लोन, 60 साल से अधिक उम्र की महिला को मुफ्त यात्रा,, हर मंडल में एक यूनिवर्सिटी बनाये जाने की बात की है तो सपा ने अपने संकल्प पत्र में मलाओं को सरकारी नौकरी में 33 फिसदी आरक्षण, के साथ , 300 यूनिट बिजली फ्री, पुरानी पेंशन बहाली के साथ आईटी सेक्टर में 22 लाख लोंगों को रोजगार, 11लाख खाली पद भरने,,संविदा प्रणाली खत्म करने,अलग से महिला विंग बनाने, 1 करोड़ नौकरी का सृजन, सिचाई के लिये मुफ्त बिजली देने, सभी फसलों को एमएसपी योजना से जोड़ने, किसान आयोग गठित करने, कामघेनु योजना दुबारा षुरू करने बीपीएल परिवार को हर साल दो एलपीजी सिलेंडर मुफ्त, दो पाहिया वाहन मालिकों को हर माह एक लीटर फ्री पेटोल, ऑटो चालकों को 3 लीटर पेटोलत्र 6 लीटर सीएनजी , वृद्ध , महिला व बीपीएल परिवार को हर साल 18000 रू . का पेंशन सहित अनेक वादा किया है। कांग्रेस ने यूपी के लिये अपने घोशणा पत्र में किसानों का पूरा कर्ज 10 दिन के अन्दर माफ करने के साथ बिजली बिल हॉफ , कोरोना काल का बकाया माफ, कोरोना काल के प्रभावित लोगों को 25000 रू. 20 लाख सरकारी नौकरी, 40 फिसदी महिलाओं रोजगार में आरक्षण मघ्यम वर्ग को किफायती आवास ,पत्रकारों के खिलाफ दर्ज मुकादमा खत्म, दिव्यागों के लिये 3000रू. का पेंशन, कोविड योद्धाओं को 50 लाख का मुगावजा, शिक्षको खाली 2 लाख पद भरने पत्र में युवाओं को बेरोजगारी भत्ता, मुफ्त बिजली, गांव क्लीनिक मोहल्ला, किसानों को लोन की माफी, 24 घंटे में फसल का भुगतान, 10 लाख युवाओं को नौकरी, 5000रू बेरोजगारी भत्ता, शहीद परिवारों को एक करोड़ रू. का मुआवजा, किसानों के लिये एमएसपी कानून, महिलाओं के लिये फ्री बस यात्रा, हर साल 10 लाख नौकरिया, पुरानी पेंषन लागू करने सहित अनेक वादें किये है। इसी तरह चुनाव में भाग ले रहे बासपा सहित अन्य राजनीतिक दल भी आम जन को लुभाने के लिये अपने घोषणा पत्र में अनेक वादें कर रखे है।

# नि:शुल्क प्रेम की कीमत

### सूडोकु नवताल- 5985

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल -5984 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

**डॉ. रीना रवि मालपानी**

हम सभी ने कोरोना का भयावह युग देखा है जिसमे एक-एक साँस उखड़ती नजर आई। जीवन का अंतिम सत्य मृत्यु है और जीवन की पूर्णता भी मृत्यु में ही है जोकि निश्चित भी है, पर मृत्यु का ऐसा भयंकर तांडव भी आया जिसमे हर किसी का हृदय पसीज गया। ईश्वर की दी हुई सृष्टि में जीवन ही सबसे कीमती है और हर किसी के पास प्रेम निःशुल्क उपलब्ध है। परिवार के अनुरूप प्रेम के रूप अलग-अलग है पर यही प्रेम तो जीवन को श्रंगारित कर सकता है। जिस प्रेम की अभिव्यक्ति को करने में हम कंजूसी करते है यह निःशुल्क प्रेम तो हमारी और हमारे परिवार की ऊर्जा को कई गुना बढ़ा सकता है। इस प्रेम की अभिव्यक्ति तो परिवार के किसी भी सदस्य के लिए हो सकती है। यदि परिवार के सभी सदस्य एक दूसरे की सराहना प्रेमपूर्वक करें, एक दूसरे को गले लगाकर मनोबल बढ़ाएँ, प्रोत्साहित करें तो वह भी प्रेम का एक सुंदर स्वरूप ही है।

**निःशुल्क प्रेम की कीमत का नहीं है कोई आकलन।**
**यह एहसास करता खुशियों का समाकलन॥**
**निःशुल्क प्रेम की अभिव्यक्ति है खास।**
**यह तो परिवार को देती खूबसूरत एहसास॥**

प्रेम तो एक अदृश्य अनुभूति है जो हर ओर आशा और उत्साह की लड़ियाँ बिखेर देती है। इस निःशुल्क प्रेम को



मौन की कैद में मत रखिए। प्रेमोत्सव के सप्ताह में अपने प्रेम को अपनी सुंदर अभिव्यक्ति का मौका दीजिए। यह प्रेम सामने वाली की प्रशंसा, उसकी अच्छाई, उसकी मौजूदगी से सुशोभित हो सकता है। यह प्रेम किसी के भी चेहरे की चमक बढ़ा सकता है। निराशा के बीज का अंकुरण होने से रोक सकता है। अवसाद का अवसान भी कर सकता है। असंवाद की स्थिति हर रिश्ते को बोझिल बना देती है। प्रेमपूर्वक किया गया संवाद सामने वाले का मनोबल भी बढ़ाता है। प्रेम की अभिव्यक्ति सम्मान में भी निहित है। प्रेम करना कभी भी किसी को नीचा दिखाने, महत्वहीन बताने में शोभायमान नहीं होता। प्रेम का ही रूप सामने वाली की सुरक्षा, ध्यान, देखरेख, अच्छाई और उन्नति में निहित है। यदि जीवन का अस्तित्व है तो कठिनाइयाँ भी रहेगी और वे समय-समय पर अपना रूप बदलती रहेगी, पर प्रेम तो शाश्वत है। कई बार जीवन के कडवे अनुभव हम पर हावी होने लगते है जिनके चलते हम मौजूद स्थितियों और लोगों की कद्र नहीं करते। असंतोष के मार्ग पर कदम बढ़ाते है और जो है उसकी कीमत न्यून कर देते है। यह परेशानियाँ, संघर्ष, तकलीफ़े हर समय नवीन रूप में जीवन में प्रत्यक्ष होती रहेगी, पर इसका तात्पर्य यह नहीं है की हम प्रेमपूर्वक बोली से खुशी के दो पल नहीं चुरा सकते। बंधन को निभाने के लिए और ऊर्जावान बनाने के लिए प्रेम का स्वाद अत्यधिक जरूरी है। प्रेम का जादू तो कई असंभव स्थितियों को भी संभव कर सकता है। प्रेम तो सबको अपने हिस्से के पल और खुशियों को मुस्कुराकर जीने वाला बनाता है।

प्रेम प्रतिबंधों की लड़ाई नहीं है प्रेम तो उम्मीदों का आशियाँ है। प्रेम तो परिवार के किसी भी सदस्य के लिए खुशियों की तलाश है। निःशुल्क प्रेम तो मीठी मुस्कान की वजह देता है। यह प्रेम तो जीवन को नए कलरव का गान देता है। निःशुल्क प्रेम में निहित सुख से असीम भविष्य में सुखो की कल्पना वाली स्वर्गिक अनुभूति यथार्थ होती है।

**निःशुल्क प्रेम के होने से मजबूत होते है रिश्तों के धागे।**
**जिसके होने से वे लगातार बढ़ते आगे॥**
**इस प्रेमोत्सव में पारिवारिक रिश्तों को चमकाइए।**
**डॉ. रीना कहती, यादों की लड़ियों से खूबसूरत माला सजाइए॥**

## यूक्रेन में अभी भी असमंजस

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

यूक्रेन का माहौल अभी तक कुछ ऐसा बना हुआ है कि वहां क्या होनेवाला है, यह कोई भी निश्चित रुप से नहीं कह सकता। रूसी नेता व्लादिमीर पूतिन ने यह घोषणा तो कर दी है कि वे अपनी कुछ फौजों को यूक्रेन-सीमांत से हटा रहे हैं लेकिन उनकी बात पर कोई विश्वास नहीं कर रहा है। भारत के विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन में पढ़ रहे अपने 20 हजार छात्रों को सलाह दी है कि वे कुछ दिनों के लिए भारत चले आएं। उधर 'नाटो' के महासचिव जेंस स्टोलनबर्ग ने रूसी फौजों की वापसी को अभी एक बयान भर बताया है। उन्होंने कहा है कि वे उनकी वापसी होते हुए देखेंगे, तभी पूतिन के बयान पर भरोसा करेंगे। पहले भी रूसी फौजी वापिस गए हैं लेकिन अभी की तरह वे अपने हथियार वहीं छोड़ जाते हैं ताकि दुबारा सीना ठोकने में उन्हें जरा भी देर न लगे। इसी मौके पर यूक्रेन की सरकार ने दावा किया है कि उनके रक्षा मंत्रालय और दो बैंकों पर कल जो साइबर हमला हुआ है, वह रूसियों ने ही करवाया है। पूतिन की घोषणा पर अमेरिका और कुछ नाटो सदस्यों को अभी भी भरोसा नहीं हो रहा है लेकिन रूसी सरकार के प्रवक्ता ने आधिकारिक घोषणा की है कि रूस का इरादा हमला करने का बिल्कुल नहीं है। वह सिर्फ एक बात चाहता है। वह यह कि यूक्रेन को नाटो में शामिल न किया जाए। यह ऐसा मुद्दा है, जिस पर फ्रांस, जर्मनी, रूस और यूक्रेन ने भी 2015 में एक समझौते के द्वारा सहमति जताई थी। रूसी फौजों के आक्रामक तेवरों से यूरोप में हड़कंप मचा हुआ है। पहले फ्रांस के राष्ट्रपति मेक्रों ने पूतिन से बात की और अब जर्मनी के चांसलर ओलफ शोल्ज खुद पूतिन से मिलने मास्को गए। इसके पहले वे यूक्रेन की राजधानी कीव जाकर राष्ट्रपति व्लोदीमीर झेलेंस्की से भी मिले। वे एक सच्चे मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे थे। इसमें उनका राष्ट्रहित निहित है, क्योंकि युद्ध छिड़ गया तो और कुछ हो या न हो, जर्मनी को रूसी तेल और गैस की सप्लाय बंद हो जाएगी। उसकी अर्थव्यवस्था घुटनों के बल बैठ जाएगी। ऐसा लगता है कि शोल्ज की कोशिशों का असर पूतिन पर हुआ जरुर है। शोल्ज ने पूतिन को आश्वस्त किया होगा कि वे यूक्रेन को नाटो में मिलाने से मना करेंगे। यों भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूतिन से चली अपनी बातचीत में भी कहा था कि नाटो की सदस्य-संख्या बढ़ाने का उनका कोई विचार नहीं है। और अमेरिकी सरकार ने यह भी साफ-साफ कहा था कि वह यूक्रेन में दूरमारक प्रक्षेपास्त्र तैनात नहीं करेगा। लंदन में यूक्रेन के राजदूत ने भी कहा है कि यूक्रेन अब नाटो में शामिल होने के इरादे को छोड़नेवाला है।

# तस्लीम खान की मेहनत और लगन ने दिलाई चम्बल क्रिकेट को नई पहचान

### क्रिकेट और क्रिकेटरों के लिए किया पूरा जीवन समर्पित, आज भी प्रतिदिन 9 घण्टे बिताते है क्रिकेट मैदान पर समय







**मुरैना।** तस्लीम खान आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है। उन्होंने सुर्खियों से दूर क्रिकेट मैदान को ही अपना घर बना लिया है। हर दिन तस्लीम खान 9 घण्टे से अधिक का समय खेल मैदान पर क्रिकेटरों के बीच बिताते है। 55 बर्षीय तस्लीम खान की क्रिकेट के प्रति दीवानगी देखते ही बनती है। उनके प्रयासों से आज सीडीसीए क्रिकेट ग्राउंड सुरम्य हरा-भरा मैदान है, जिसे पौधों और रंगीन झंडों से सजाया गया है, ये सभी तस्लीम खान द्वारा स्थापित किए गए है। उन्होंने खुलासा किया कि वे इसे न्यूजीलैंड के उन मैदानों में से एक जैसा बनाना चाहता हैं। इसी इच्छा को पूर्ण करने के लिए वह एक बार कबूतरों के झुंड को मैदान में ले आए ताकि वह उन सफेद पक्षियों के नजारे की नकल कर सके, जिन्हें उन्होंने टेलीविजन पर देखा था। जब जमीन पर छोड़ा गया, तो वे कबूतर उड़ गए। अब तस्लीम खान पिंजरों की मरम्मत करवा रहे है और उम्मीद करते है कि अगली बार रिश्वत के रूप में कबूतरों को अनाज की पेशकश के साथ मैदान पर रहने का प्रयास करेंगे।

चार दशक पहले भी तस्लीम खानने ऐसा ही एक चमत्कार था जिसमें उन्होंने अपना पहला क्रिकेट मैच एक क्लब गेम आगरा में देखा था, और इससे वे इतने मोहित हो गए थे कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था कि लोग कुर्ता और धोती पहनते हैं, लेकिन अगर किसी को क्रिकेट खेलना है तो यह अनिवार्य रूप से सफेद किट में होना चाहिए। उन्होंने फैसला किया, अब से सभी क्रिकेटर सफेद किट में ही खेलेंगे। उन्होंने तब तक अंतरराष्ट्रीय या प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं देखा था, न स्टेडियमों में, न टेलीविजन पर और न ही अखबारों या पत्रिकाओं में इसके बारे में पढ़ा। यह सिर्फ एक खेल था जिसे उन्होंने गलियों से उठाया था और 1978 की आगरा छुट्टी के बाद से उन्हें क्रिकेट से प्यार हो गया। जल्द ही अपने दोस्तों के साथ उन्होंने मुरैना यूथ क्लब की शुरुआत की। 1980 के दशक की शुरुआत में एक आईएएस अधिकारी प्रशांत मेहता की पोस्टिंग चंबल में क्रिकेट को एक नई ऊंचाई पर ले गई। तस्लीम खान याद करते हैं, उस समय कलेक्टरों के पास बहुत शक्ति थी और चूंकि मेहता जी क्रिकेट के प्रेमी भी थे, उन्होंने मुझे दिल्ली की यात्रा करने और मुरैना में लोकप्रिय क्रिकेटरों को आमंत्रित करने के लिए 5000 रुपये की पेशकश की। हम पहली बार सॉनेट क्रिकेट क्लब के कोच तारेक सिन्हा से मिले, जिन्होंने बदले में दिल्ली के आसपास और अधिक संपर्कों के साथ हमारी मदद की। इसके अंत तक, हम कई प्रथम श्रेणी क्रिकेटरों को इसका हिस्सा बनने के लिए मनाने में कामयाब रहे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंटों के जरिए तस्लीम खान ने कई भव्य आयोजन भी कराए, जिसे हजारों लोग देखने के लिए आते थे। अब तक भारत में कहीं भी क्रिकेट को फ्लडलाइट्स के तहत नहीं खेला गया था, लेकिन श्री खान ने 1982 में मुरैना फ्लडलाइट क्रिकेट मैच का आयोजन कराकर न सिर्फ कीर्तिमान स्थापित किया, बल्कि बहुत मेहनत के बाद इस आयोजन को सफल भी बनाया। मैदान को इतनी खूबसूरती से सजाया गया था कि यह एक ओलंपिक स्टेडियम जैसा दिखता था। यहां तक कैलाशवासी माधवराव सिंधिया भी इस फ्लडलाइट को देखने व खेलने भी आए। 1980 के दशक में क्रिकेट चंबल में जरूर आया, लेकिन इसके आने के बाद से कोई भी स्थानीय खिलाड़ी नहीं था, जिसने इसे बड़ा बनाया हो। तस्लीम खान की चंबल मांग को पूरा करने के लिए एक अलग डिवीजन प्राप्त करने में 25 साल लग गए 2012-13 तक यह क्षेत्र ग्वालियर डिवीजन का हिस्सा बना रहा, और तब तक अक्सर घाटी के केवल एक या दो खिलाडियों द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाता था। यहां तक कि उन्होंने कई खिलाडियों को टीम का हिस्सा बनाने को लेकर ग्वालियर में काफी लंबा संघर्ष भी किया। चंबल ने दिसंबर 2019 में अपने पहले आधिकारिक टूर्नामेंट की मेजबानी की। इन वर्षों में अधिक लोगों ने खेल को अपनाया है, लेकिन अक्सर बीच में अपना रास्ता खो दिया है। अवसरों की कमी या अन्य विकर्षणों और मजबूरियों के अभाव में भी चंबल ने कई अंतर-विभागीय टूर्नामेंट जीते हैं। तस्लीम खान ने कहा, कि यहां क्रिकेट हासिल करने का मेरा सपना सिर्फ क्रिकेटर पैदा करने का नहीं है। मुझे लगता है कि अगर युवा क्रिकेट से जुड़े तो इससे अपराध 80 से 85 फीसदी तक कम हो जाएंगे। डेटा असत्यापित है लेकिन उसके बड़े बिंदु के लिए एक तर्क है। अगर क्रिकेट उनका डायवर्जन और उनकी ड्राइव बन जाता है, तो उनके पास कुछ और सोचने के लिए खाली समय नहीं होगा। ज्यादातर लोग अपराध में पड़ जाते हैं क्योंकि उनके हाथों में खाली समय होता है और जीवन में कोई महत्वाकांक्षा नहीं होती है। वे उदास होकर कहते हैं, कि आज हमारे बच्चे पढ़-लिख कर स्नातक हो गए हैं, लेकिन नौकरी नहीं है, इसलिए खेलो में भी अब कई अवसर है युवाओं के पास। युवा क्रिकेटर खेल में भविष्य देखें। क्रिकेट व और भी कई क्षेत्र हैं, भले ही आप खेल न खेलें, आपको अपनी सेकेंडरी लाइन तैयार रखनी होगी कोच, ट्रेनर, स्कोरर और अंपायर व कॉमेन्ट्रेटर के रूप में। तस्लीम खान कहते है कि समय के साथ, हम चाहते हैं कि मुरैना, भिंड और श्योपुर के और खिलाड़ी आएं। वह अपने आस-पास जो देखते है उससे थोड़ा खुश होते है। वह उच्च स्तरीय क्रिकेट खेलने के अपने सपने को कभी नहीं जी सकते, लेकिन वह अपने गृहनगर में एक नई पीढ़ी को अपने जीवन जीने में सक्षम बना सकते है। क्रेडिट लेने में तस्लीम खान थोडे शर्मीले लेकिन ईमानदार हैं। वह कहते है कि मैं ऐसा कभी नहीं कर सकता था। मैं चीजें कर सकता हूं लेकिन मेरे पास पैसा नहीं है, इन परियोजनाओं को वित्त पोषित करने के लिए लोगों की जरूरत है। यह मैदान, यह घास काटने वाला और सभी सुविधाएं जो आप देख सकते हैं। यह ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रशान्त मेहता और एमपीसीए की वजह से है।

# जनसुनवाई से अनुपस्थित 19 अधिकारियों को नोटिस



**मुरैना।** शासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को करने के निर्देश हैं निर्देशों के तहत 15 फरवरी को जनसुनवाई प्रभारी कलेक्टर के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर सुरेश बरहादिया द्वारा की गई। जनसुनवाई के निर्धारित समयानुसार 19 विभागों के अधिकारी उपस्थित नहीं हुये। इन अधिकारियों को डिप्टी कलेक्टर सुरेश बरहादिया ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं, जिनमें तहसील्दार मुरैना, जनपद सीईओ मुरैना, सिविल सर्जन, उद्यानिकी, पेंशन, कृषि उपज मंडी, लीड बैंक, पीएचई, खनिज, जिला पंजीयक, जिला प्रोढ़ शिक्षा अधिकारी, आबकारी, मध्यप्रदेश ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मुरैना, जिला रोजगार, वन विभाग आदि अधिकारी उपस्थित नहीं हुये इन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

### मंगलवार को जनसुनवाई में 93 आवेदन प्राप्त


प्रभारी कलेक्टर के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर सुरेश बरहादिया ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान कुल 93 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें 45 आवेदन ऐसे पाये गये जो त्वरित गति से निराकरण किये जाने योग्य थे। उन्हें 24 घंटे की समय सीमा में निराकरण करने के लिये चिन्हित किया गया। उन आवेदनों को ई-गवर्नेंस के माध्यम से निराकरण हेतु भेजे गये हैं, जिनकी जानकारी अगले मंगलवार को संबंधित अधिकारी कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेंगें।

# पीएचई के कार्रापालन रांत्री रोजनाओं को धरातल पर उतारें: प्रभारी कलेक्टर



### -ए ई पाण्डेय को कारण बताओ नोटिस

**मुरैना।** प्रभारी कलेक्टर श्री रोशन कुमार सिंह ने कार्यपालन यंत्री पीएचई एस.एल. बाथम को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के तहत जिले में प्रगति ठीक नहीं है। जिले के समस्त अधिकारी फील्ड में जाते समय यह देंखे कि पीएचई विभाग द्वारा जो कार्य किये है, उसमें कई सड़क, सीसी खोदी गई होंगी, वहां उन्होंने पेचवर्क रिपेयरिंग किया है कि नहीं। अगर नहीं किया है तो वहीं से तत्काल कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री बाथम को बतायें। अभी जल जीवन मिशन के तहत 17 में से 12 प्रगतिरत है व 8 पूर्ण हुए हैं। इस पर प्रभारी कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री बाथम को स्पष्ट रूप से निर्देश दिये कि योजनाओं को धरातल पर उतारें, हवा में बाते न करें। अगले दिन कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री बाथम पूरे सप्ताह का टूर प्रोग्राम बनायें। उसकी प्रतिलिपि मुझे उपलब्ध करायें। समस्त जनपद सीईओ को निर्देश दिये कि फील्ड में जाते समय जल जीवन मिशन के कार्यो को अवश्य देखें। कमियां पाये जाने पर मुझे तत्काल सूचित करें। योजनाओं में प्रगति नहीं आई तो अगले रिडार पर कार्यपालन यंत्री श्री बाथम होंगे।



# शहीद रामगोविन्द सिंह का बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करेगा: अनूप मिश्रा



**अम्बाह।** अमर शहीद हवलदार राम गोविंद सिंह तोमर की छठवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके पैतृक गांव सुनावली में बने शहीद पार्क में बोलते हुए पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा ने कहा कि 15 फरवरी 2016 को ऑन ड्यूटी करते हुए पश्चिम बंगाल के पानागढ़ में शहीद हुए अमर शहीद हवलदार राम गोविंद सिंह तोमर को में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। श्री मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय रामगोविन्द सिंह तोमर ने देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया था, उनकी बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान हर भारतीय को व देश को मजबूत और संपन्न बनाने के लिए प्रेरित करेगा। श्री मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय राम गोविंद सिंह तोमर हमारी स्मृति में सदैव अमर रहेंगे। उनकी बहादुरी और बलिदान भारत को मजबूत और समृद्ध भारत बनने की ओर अग्रसर करता रहेगा। श्री मिश्रा ने कहा कि सबसे ज्यादा भिंड और मुरैना जिले के युवा सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आज भी अंचल की सड़कों पर क्षेत्र के युवा दौड़ लगाते हुए दिख जाते हैं और सब का लक्ष्य सेना में भर्ती होकर राष्ट्र की सेवा करना होता है। श्री मिश्रा ने इस अवसर पर अंचल के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। इसके साथ ही शहीद परिवार के सदस्यों एवं भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान भी श्री मिश्रा द्वारा किया गया। पूर्व मंत्री श्री मिश्रा ने अमर शहीद राम गोविंद सिंह तोमर के पुत्र अमन तोमर की प्रशंसा करते हुए कहा कि अमन द्वारा प्रतिवर्ष अपनी पिता की स्मृति में आयोजित किया जाने वाला यह आयोजन अंचल के युवाओं को देश प्रेम की प्रेरणा देता है। आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश शहीद के पुत्र अमन सिंह तोमर द्वारा डाला गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इससे पूर्व शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों सहित पधारे हुए अतिथियों ने अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे संत रविदास : योगेश पाल गुप्ता



**मुरैना।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश द्वारा 13 फरवरी से19 फरवरी तक संत शिरोमणि रविदास जन्म जयंती सप्ताह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविदास जयंती के अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा मुरैना द्वारा डॉ अंबेडकर धर्मशाला पीपल बाली माता पर संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जिले के अध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता, मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप पिप्पल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनाथ सिंह पिप्पल, राकेश खटीक, माधव प्रसाद जाटव के अलावा मोर्चा महामंत्री व रविदास जयंती कार्यक्रम जिला प्रभारी संदीप सेंगर, सह प्रभारी संतोष खटीक, विधानसभा मुरैना कार्यक्रम प्रभारी डॉ केशव अर्गल तथा मोर्चा के पदाधिकारी एवं ज्येस्ट-श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हुए जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता एवं अन्य लोगों के द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर डॉ योगेश पाल गुप्ता ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संत शिरोमणी रविदास जी सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे। उन्होंने अपनी कविताओं एवं दोहों के माध्यम से हमेशा समाज को जागृत करने का कार्य किया है। उन्होंने हमेशा समरसता की बात कही है। वास्तव में वे एक सच्चे समाज सुधारक थे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनाथ सिंह पिप्पल ने कहा कि संत रविदास जी ने अपने दोहे में कहा है कि-ऐसा चाहूं राज में मिले, सभी को अन्न, छोटा बड़ा सम बसें, रविदास रहत प्रसन्न। इस दोहे का वास्तविक अर्थ चारों ओर खुशहाली और संपन्नता, समानता बनी रहे, ऐसी सोच रविदास जी महाराज रखते थे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिलीप पिप्पल एवं पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश खटीक द्वारा भी संत शिरोमणि रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के जिला प्रभारी संदीप सेंगर द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त सह प्रभारी संतोष खटीक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हेमंत कौशल, धर्मेंद्र बंसल, सोनू खटीक, अमन नरवार, निरंजन जाटव, धनीराम जाटव, रामदास पिप्पल, शिक्षक रमेश सिकरौडिया, जगदीश जाटव, बंटी पारा सहित अनुसूचित वर्ग के लोग उपस्थित थे।

# सामाजिक समरस्ता के जनक थे संत रविदास: जैन





**दैनिक न्यूज़ पुष्पांजलि टुडे अरविंद जैन गोरमी**

**गोरमी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी द्वारा संत रविदास जी की 654 बी जयंती पर 64 बूथ केंद्रों पर हरिजन वस्तियों में कार्यक्रम का आयोजन हुआ गोरमी नगर का मुख्य कार्यक्रम नगर के वार्ड नं एक कदमनपुरा पर किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला महामंत्री सुरेन्द जैन एबम अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की।विशेष अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के जिला महामंत्री पटेल यादव मौजूद थे। कार्यकर्म के प्रारम्भ में सभी अतिथियों ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया सभी अतिथियों का स्वागत भूत अध्यक्ष राय सिंह जाटव ने किया कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण में मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा की संत रविदास जी आधुनिक भारत के सच्चे निर्माता थे वह सामाजिक समरसता के बाहक थे सामाजिक समानता के पक्षधर थे हम सब उनको समरसता के आध्यात्मिक उपासक संत भी कह सकते हैं कार्यकारी के मुख्य अतिथि पूर्व जिला महामन्त्री सुरेन्द जैन ने कहा कि संत रविदास जी ने तत्कालीन सामाजिक समस्याओं का व्यावहारिक समाधान उन्मुक्त भाव से व्यक्त करते हुए किसी संप्रदाय का विरोध नहीं किया बल्कि उनकी अंतरात्मा को जगाकर पारंपरिक श्रद्धा भाव और बंधुता का संदेश दिया रविदास जी की समकालीन अनेक संतों ने उनकी प्रशंसा की संत कबीर ने कहा कि वर्तमान साधुओं में रविदास सर्वश्रेष्ठ संत है सिखों के धर्म गुरु ग्रंथ साहब में भी संत रविदास के 40 पद सम्मान के साथ सम्मिलित किए गए वे कहते थे यदि बड़े आदमी बनना चाहते हो तो बड़े कर्म करो संत रविदास की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय थी किंतु वे कभी किसी के आगे झुके नही ओर निरंतर धर्म मार्ग पर चलकर संघर्ष करते रहे। इस अबसर पर जैन ने केंद्र की नरेंद मोदी सरकार दुआरा दलित समाज के हित मे चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को भी विस्तार से बताया।कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल महामन्त्री निर्मल आर्य ने किया एबम अंत मे आभार प्रगट बूथ अध्यक्ष राय सिंह जाटव ने किया।कार्यकर्म में मुख्य रूप से अरविंद जैन आदर्श शर्मा सुभाष जाटव रामनारायण बघेल पातीराम जाटव लायक राम जाटव मंसाराम जाटव बाबूराम जाटव शेर सिंह विजय कुमार रामशरण जताब ज्ञान सिंह जाटव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के निर्देशन में केंद्रीय बल सहित जनपदीय पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा उत्तर प्रदेश आगामी विधानसभा निर्वाचन-2022 को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन मे आज दिनांक 16.02.2022 को जनपदीय पुलिस द्वारा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के विभिन्न गांव में फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन किया गया। जनपद में आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में आमजन में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना निधौली कला, थाना मारहरा,थाना नयागांव, थाना पिलुआ, थाना मिरहची, थाना बागवाला, थाना अवागढ़, थाना सकरौली एवं थाना रिजोर के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया एवं शांतिपूर्ण वातावरण में कोविड-19 गाइडलाइंस का पालन करते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराने का संदेश दिया गया।



## गजरा राजा मेडिकल कॉलेज में किया गया कोरोना वॉरियर्स





**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग,पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** गजरा राजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर में कोरोना वॉरियर्स के रूप में पैरामेडिकल एवं आयुष्मान भारत के कर्मचारियों का सम्मान समारोह लायंस क्लब ग्वालियर द्वारा आयोजित किया गया इसमें मुख्य वक्ता पूर्व कैबिनेट मंत्री माया सिंह मुख्य अतिथि जी आर एम सी डी डॉ समीर गुप्ता विशिष्ट अतिथि संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक जया रोग चिकित्सालय समूह डॉ आर एस धाकड़ जी एवं लायंस गवर्नर श्री सुनील जी गोयल एवं अध्यक्षता लॉन्स अंजली गुप्ता जीने की। पूर्व मंत्री माया सिंह ने कहा जब लोग डर और भय से अपने घरों में रह रहे थे तब इन कोराना वारियर्स ने देव दूतों के रूप में पूरे जनमानस की सेवा निस्वार्थ भाव से अपनी जान की परवाह किए बगैर की तथा दीन डॉ समीर गुप्ता जी ने बताया हमारे अस्पताल के प्रति व्यक्ति ने बिना किसी छुट्टी अवकाश लिए पूरे टाइम अपनी सेवाएं दी जिसके कारण हम कोरोना पर काबू करने में सफलता प्राप्त की एवं अधीक्षक डॉक्टर धाकड़ जी ने भी सभी कर्मचारियों स्टाफ की कार्य की बहुत प्रशंसा की एवं शुभकामनाएं दी।


## राजेश कुमार गुप्त 'राज' की रचना ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर**

शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय, पन्ना में उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ और वर्तमान में शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, छतरपुर में प्रशिक्षणरत शिक्षक एवं कवि राजेश कुमार गुप्त 'राज' की कविता राष्ट्रपिता का चयन भारत सरकार द्वारा संचालित आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम से प्रेरित पुस्तक भारत/75 में किया गया है। पन्ना एवं छतरपुर दोनों जिलों के लिए यह गौरव की बात है। सोशल मीडिया के माध्यम से यह सूचना मिलते ही पारिवारिकजनों, संबंधियों, शुभचिंतकों एवं मित्रों ने बधाई प्रेषित कर खुशी व्यक्ति की है।

भारत/75 पुस्तक का प्रकाशन प्राची डिजिटल पब्लिकेशन (उधमसिंह नगर, उत्तराखंड) द्वारा किया गया है। भारत की आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में इस पुस्तक में देश भर से प्रमुख 75 कवियों की देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत उत्कृष्ट कविताओं को ही शामिल किया गया है। इस पुस्तक को बहुत ही कम समय (मात्र 5 दिन) में प्रकाशित किए जाने के कारण इसे ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी भेंट की गई है। गुप्त जी मूलतः अजयगढ़ के निवासी हैं एवं बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं। वह बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। उन्होंने शिक्षण कार्य करते हुए साहित्य की अनेक विधाओं पर अपनी लेखनी चलाई है। उन्होंने कविता के अलावा निबंध, संस्मरण, पत्र-साहित्य, डायरी लेखन आदि विधाओं पर भी लेखन कार्य किया है। वर्तमान में गुप्त जी एक उपन्यास और हिंदी साहित्य का नया इतिहास पर लेखन कार्य कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि राजेश कुमार गुप्त की अब तक अनेक लोकप्रिय एवं साहित्यिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें इस पुस्तक के अलावा पंचरतन, जन्मदात्री माँ, जिद जीत की एवं मेरा गाँव (विविधा संग्रह), इंद्रधनुष (गद्य संग्रह), दो टूक जिंदगी, उत्तर-आधुनिक काव्य एवं सोमालोब पुष्प (काव्य-संग्रह) आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त गुप्त जी ने कई पुस्तकों का संपादन भी किया है। उन्होंने बताया कि सभी साहित्य प्रेमी प्राची डिजिटल पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित इस महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी काव्य-संग्रह को एक बार अवश्य पढ़ें। यह पुस्तक गूगल बुक्स पर निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं तथा प्रिंटेड एडीशन अमेजॉन और फ्लिपकार्ट पर ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।


PRACHI DIGITAL PUBLICATION

OMG BOOK OF RECORDS

Date : 15 February, 2022

OMG Claim ID : IN UK 2022 D7840 dated : 20 01 2022

CERTIFICATE OF PARTICIPATION

This certificate is presented to

RAJESH KUMAR GUPTA 'RAJ'

has participated in the Anthology 'Bharat @ 75' Part - 2 inspired by the program 'Azadi Ka Amrit Mahotsav' started by the Government of India. The anthology has been published in very shortest time (5 days) with 75 poets. All poems are based on patriotism and anthology name recorded in OMG Book of Records edition 2022.

Rajender Singh Bisht
( Director & Founder )
Prachi Digital Publication

e-Book ISBN : 978-9391358839
Paperback ISBN : 978 9391358648

## दबोह-आलमपुर में भी चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान-एसडीएम

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** लहार के नवागत एसडीएम के.वी.विवेक दबोह पहुंचे।जिस दौरान उन्होंने दबोह-आलमपुर में अतिक्रमण हटाओ मुहिम अभियान चलाने की बात कही।एसडीएम ने कहा कि दबोह आलमपुर में जहां जहां अतिक्रमण होगा वहां से अतिक्रमण जल्द हटाया जाएगा।यहां बता दें कि बात चाहे जिले की हो या फिर तहसील की या फिर कस्बे की मुख्य बाजार में अतिक्रमण हर जगह पसरा हुआ है जिससे आये दिन सभी जगह जाम जैसी स्तिथि बनती है और हादसे की भी आशंका बढ़ जाती है।बीते रोज भिण्ड में कलेक्टर व एसपी ने मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी की।इसी क्रम में लहार में नवागत एसडीएम ने भी बाजार से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।जिसकी तर्ज पर दबोह आलमपुर में भी जल्द से जल्द अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा।यहां बताना मुनासिब होगा कि दबोह नगर में मुख्य मार्ग पर सड़क पर ठेले व व्यापारियों द्वारा शासकीय नाले की बाहर तक अतिक्रमण फैलाये रहने की वजह से आये दिन जाम जैसी स्तिथि बनी रहती है




## महावीरन सिद्ध स्थल वार्ड नंबर 14 देवेंद्र नगर में चल रही मद भागवत महापुराण,भक्तो की उमड़ रही भीड़

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर**

देवेंद्र नगर के वार्ड नंबर 14 में स्थित प्रसिद्ध हनुमान जी के मंदिर जो क्षेत्र में महावीरन के नाम से जाना जाता है आमजन के सहयोग से 9 फरबरी से श्री माद भागवत कथा का भव्य आयोजन सुरु हो चुका है जिसमे नगर के हजारों की संख्या में रोज श्रद्धालु कथा का रसास्वादन करने पहुंच रहे है। बमरी बडौरा के स्थानियो द्वारा इस आयोजन का व्यापक प्रसार प्रचार वा हनुमान लला के प्रताप की वजह से भक्तो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। कल 17 फरबरी को सिद्ध स्थल में विशाल भंडारा रखा गया है आयोजक समिति द्वारा श्रद्धालुओं से भारी संख्या में पहुंच कर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है।



# सुशील मोन्टेसरी स्कूल के प्रबंधक ने किया छात्रों के जीवन से खिलवाड़



**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी जिले कोतवाली से हैं जहां विवेक पाण्डेय पुत्र श्री अरविन्द्र पाण्डेय निवासी ग्राम कडेसरा तह पिछोर जिला शिवपुरी का निवासी है मोनू रावत , शिवानी भार्गव, दिप्ती सेन , मनीषा कुशवाह कक्षा 12 वी का छात्र छात्रा है प्रार्थी ने सुशील मोन्टेसरी से कक्षा 11वी पास कर 12वी में प्रवेश किया प्रार्थी के द्वारा स्कूल की सारी फीस समय पर जमा की है प्रार्थी के दिनांक 17.02.2022 से परीक्षा है लेकिन स्कूल प्रबंध के द्वारा प्रार्थी को अभी तक किसी भी प्रकार का कोई हॉल टिकिट नहीं दिया जिससे की वह आपने 12वी कक्षा की परीक्षा दे सके प्रार्थी के द्वारा करीब 50,000 रूपये स्कूल फीस, दूशन फीस,मकान किराया, खाने-पीने का खर्चा इत्यादि को मिलाकर प्रार्थी ने पूरे 1 वर्ष में खर्च किये है लेकिन अब प्रार्थी काफी परेशान है क्योंकि की स्कूल प्रबंधक के द्वारा प्रार्थी को गुमराह किया जा रहा है प्रार्थी करीब 20 दिनों से स्कूल के चक्कर लगा रहा है लेकिन स्कूल प्रबंधक उन्हें आज नहीं कल आना यह कह कर उन्हें स्कूल से भागा देता है लेकिन जब दिनांक 15.02.2022 को प्रार्थी वापिस स्कूल गया की सर मेरी परीक्षा आ गई है मुझे मेरा रोल नं. दे दो तो स्कूल प्रबंधक सर आनवेश प्ररोहित (मोनू सर ) धनराज भदौरिया (पिन्टू सर), और आनवेश प्ररोहित जी की माता जी द्वारा कहाँ गया की हमारे द्वारा तुम्हारा परीक्षा फॉर्म नहीं भरा गया था जिसकी वजह से तुम्हारा रोल नं. नहीं आया है अब ऐसी स्थिति में प्रर्थी क्या करें क्यों कि प्रार्थी की पूरी 1 वर्ष की मेहनत यूही खराब हो गयी प्रार्थी के ऊपर काफी दबाब है प्रार्थी एक गरीब परिवार से है प्रार्थी के साथ कई और बच्चे है जिनका भीस्कूल प्रबंधक के द्वारा परीक्षा फॉर्म नहीं भरा गया है आनवेश प्ररोहित जी के द्वारा एक खुद का अलग स्कूल है जो कि अशोका मेमोरियल कॉन्वेंट स्कूल शाक्तिपूरम् 91 सुमितजयकर-प्रकापनी करें। कखुडा पर स्थित है जो की 8वीं कक्षा तक है लेकिन उसके द्वारा कक्षा 12वीं के छात्रों को फार्म डालवाकर उन्हें पढाया जा रहा है। वह बच्चों को एडवीसन किसीअन्य स्कूल में करा देता है। जिसकी बच्चों को किसी भी प्रकार की कोई जानकारीनहीं रहती है। वह स्कूल प्रबंधक के विरूद्ध कार्यवाही करने की कृपा करे और हम बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुये बच्चों को न्याया दिलवाने की कृपा करे छात्रों की सूची जिनको रोल नं. प्राप्त नहीं हुये है। विवेक पाण्डेय , मोनू रावत , शिवानी भार्गव, दिप्ती सेन , मनीषा कुशवाह और भी कहीं बच्चे है जिनकी हमे जानकारी नहीं है। जिन पर स्कूल प्रबंधक के द्वारा दबाब डला गया है कि हम तुम्हारा ऊर्दू बॉर्ड से फॉर्म डाल कर तुम्हारा 12व करवा देगें।

# आज दतिया में: दतिया मे स्वास्थ्य के क्षेत्र में हर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है: डॉ विवेक मिश्रा

## खेलों से होता है मनोरंजन मानसिक तनाव से रहते हैं दूर-डॉ विवेक मिश्रा

**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा दोपहर 2:00 बजे राजघाट कॉलोनी अपने निवास पर पहुंचे जहाँ पर उपस्थित आम कार्यकर्ताओं से मुलाकात की इसके पश्चात भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा जिला चिकित्सालय पहुंचे जहां पर उन्होंने मुख्य अतिथि के तौर पर 70 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित ऑक्सीजन प्लांट का फीता काटकर शुभारंभ किया भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा के अथक प्रयासों से आज अपना दतिया चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में प्रदेश में नंबर बन चुका है दतिया जिला चिकित्सालय में आज सभी रोगों का इलाज हो रहा है अपने दतिया के किसी भी नागरिक को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है जो भी उन्हें रोग है उस रोग के डॉक्टर अपने दतिया में मौजूद हैं जो सुविधा चिकित्सा के क्षेत्र में दतिया मे होनी चाहिए वह सुविधा भी अपने दतिया में उपलब्ध है गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने दतिया में चिकित्सा के क्षेत्र में हर सुविधा उपलब्ध करा दी है यह सब आपके आशीर्वाद से वह कर रहे हैं इसके पश्चात युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा जिला चिकित्सालय से ग्राम बहादुरपुर के लिए रवाना हुए रास्ते में किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मंगल यादव और उनकी टीम के द्वारा महाराजपुरा तेहराय पर आतिशबाजी पुष्प वर्षा साल श्रीफल तुलादान और साफा पहनाकर भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा का सम्मान किया इसके पश्चात भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा बहादुरपुर पहुंचे जहां पर ग्राम वासियों द्वारा कराए जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए और टूर्नामेंट की विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया ग्राम वासियों ने भाजपा नेता डॉ विवेक मिश्रा का पुष्प माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया भाजपा नेता डॉ विवेक मिश्रा ने खेल मैदान में उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा खेलों से होता है मनोरंजन एवं मानसिक तनाव से दूर रहते हैं खेलों को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए जो विजेता है उन्होंने अच्छी मेहनत की होगी आप उपविजेता रहे आपने भी अच्छी मेहनत की है और भी अपने खेल में सुधार लाएं आगे चलकर आप भी विजेता बन जाएंगे

इस मौके पर जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी नगर मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रघुवीर प्रताप कुशवाहा मंडी उपाध्यक्ष धीरू दांगी ग्रामीण मंडल महामंत्री डॉ राजू त्यागी जोली शुक्ला किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मंगल सिंह यादव बलवीर दांगी रिंकू बुंदेला टेलू यादव अंकित शर्मा अनिल दांगी राहत अली जैदी राहुल प्रोहित अमन गुप्ता विनोद यादव कुलदीप यादव रामू दांगी विक्रम दांगी ईश्वर नाथ दांगी अंकुश दांगी पवन गोलू यादव शादाब खान शाहरुख खान आयुष शर्मा राहुल गुर्जर आनंद यादव साथ में मौजूद रहे




## भाजपा ने किया विधानसभा का घेराव।

### गुंदोज भाजपा मंडल के कई पदाधिकारियों ने लिया हिस्सा

**पुष्पांजलि टुडे। पाली**

**पाली ।**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया के नेतृत्व मे भाजपा गुंदोज मंडल के दो दर्जन से अधिक संख्या मे कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष मंशाराम परमार मंडल अध्यक्ष गणेश पटेल दयालपुरा के नेतृत्व मे रीट घोटाला की सीबीआई जांच विधानसभा का घेराव विरोध प्रदर्शन मे भाग लेकर कांग्रेस सरकार विरोधी नारे लगाये ।जिला उपाध्यक्ष नारायण कुमावत व मंडल अध्यक्ष गणेश पटेल ने प्रदेश अध्यक्ष पुनीया को पुलिस ने धका देकर नीचे गिराकर घायल करने व जिला महामंत्री मोहन जाट सहित अनेक कार्यकर्ताओं को लाठी चार्ज व पानी की बौचारे डालकर घायल करने की घटना का पुरजोर विरोध करते हैं। कांग्रेस भाजपा आंदोलन को बल पूर्वक दबाने का जो षडयंत्र करती है ।वो कभी सफल नही होने देगे इस मौके पर हार्दिक मंडल अध्यक्ष गणेश पटेल उपाध्यक्ष कुपाराम सिरवी महामंत्री रघुनाथसिंह हीरालाल मेघवाल हरिभाई पटेल पूर्व प्रधान श्रवण बंजारा किसान मोर्चा जिला मंत्री अजीतसिंह गुरडाई ओबीसी मंडल अध्यक्ष आनंदपुरी गोस्वामी युवा मोर्चा वीरेंद्र सिंह मादडी दिलीप पटेल भावरी किसान मोर्चा महेंदरसिंह ऐसी मोर्चा जगदीश मेघवाल रमेश मेघवाल ऐसटी मोर्चा प्रकाश मीणा जिलामंत्री प्यारी मीणा महिला मोर्चा अध्यक्ष मधु शर्मा महामंत्री सुमित्रा ऐडवोकेट प्रिती मेघवाल मिडिया प्रभारी कविता पटेल उपाध्यक्ष मंजु राजपुरोहित धीरज देवासी सहित अनेक पदाअधिकारी मौजुद रहे



# हैप्पीडेज स्कूल कैंपस में 12वीं क्लास के स्टूडेंट को लगी गोली,प्रबंधन बोला बहार से आई हैं

**शिवपुरी।** खबर शहर के प्रसिद्ध हैप्पीडेज स्कूल से आ रही हैं कि हैप्पीडेज स्कूल के कैंपस में 12वीं क्लास के एक स्टूडेंट को गोली लगी हैं। स्टूडेंट के परिजनों को कहना है कि इस मामले की जांच होनी चाहिए हालांकि स्टूडेंट मामूली रूप से घायल हुआ हैं। गोली किसने चलाई है इसकी अभी जानकारी नहीं हैं। प्रबंधन का कहना हैं कि यह सिर्फ एक्सीडेंट गोली हर्ष फायर की हैं किसी ने बाहर रोड से चलाई है।

जानकारी के अनुसार सागर रघुवंशी उम्र 18 साल पत्र रघुवंशी निवासी अशोकनगर जिला हैप्पीडेज स्कूल में 12 का स्टूडेंट है और स्कूल के हॉस्टल में रहता है। स्टूडेंट ने बताया कि वह मंगलवार की रात लगभग 9 बजे हॉस्टिल के एक बगीचा नुमा कैंपस में अपने चार दोस्तों के साथ बैठकर पढ रहा था। गुरुवार से उसके फायनल एग्जाम थे।

स्टूडेंट ने बताया कि अचानक उसे ऐसा लगा किसी ने उसके पीछे से पत्थर मारा हैं मेरे को जोर से दर्द हुआ मेरे दोस्त मजाक समझ रहे थे,मैंने अपने दोस्त से कहा कि देखो जोर से जलन मच रही हैं। जब कपडे उतार कर देखा तो पीठ में लेफ्ट साइड से ब्लड निकल रहा था,समझ मे नही आया की कैसे मेरे को चोट लगी है।

मामले की सूचना प्रबंधन को लगी तो वहां पहुची मेरा स्कूल में ही इलाज किया गया। बच्चों ने किसी को भागते देखा कह रहे थे कि कोई बस के पीछे था। सुबह डॉक्टर आए उन्होने मेरा घाव देखा और मेरे को इंजेक्शन लगाया।

### पुलिस आई, मिली गोली

बच्चे के कहना हैं कि सुबह पुलिस आई और उसे एक गोली मिली जिसे वह लेकर गई मेरे से पूछताछ की और कहा कि बाहर से चली होगी,किसी हर्ष फायर की हैं। गोली 9 एमएम की पिस्टल की बताई जा रही है।

स्कूल का प्रबंधन मामले को दबाने का प्रयास कर रहा हैं। सबसे बडी हैरानी है कि कैंपस में पुलिस आई और सिटी कोतवाली टीआई का कहना है कि हमें इस मामले की जानकारी नही है। वही प्रबंधन का मानना है कि गोली एयर गन की हैं, गोली 9 एमएम पिस्टल की बताई जा रही हैं।

### सुरक्षित कैंपस में एयर गन की गोली भी कैसे चली

हैप्पीडेज स्कूल के कैंपस के चारो और बाउंड्रीवॉल है कैंपस में कैमरे लगे हैं और गार्ड पहरेदारी करते हैं। फिर एयर गन की गोली छात्र की पीठ में कैसे लगी और गोली चलाने वाला पकडा नही गया समझ से परे है। वही मौके पर पहुंचे पुलिस की टीम ने माना की गोली हर्ष फायर की और बाहर से चली है। 9 एमएम की पिस्टल की रेंज अधिकतम 30 मीटर तक होती हैं लेकिन कैंपस ऐरिया से सड़क बहुत दूर हैं बाहर से गोली आ ही नहीं सकती है,अब यह समझ से परे हैं कि स्कूल कैंपस इस मामले को क्यों दबा रहा है। परिजनों ने कहा जांच होनी चाहिए सागर रघुवंशी के अंकल जयप्रकाश रघुवंशी का कहना है कि इस मामले की जांच होनी चाहिए। पुलिस में मामला दर्ज होना चाहिए। हॉस्टल के अधीक्षक का कहना हैं कि गोली ऊपर से आई हैं,लेकिन हमे ऐसा लगता है कि यह हमला हैं हमारे साथ बच्चे के साथ साथ अन्य बच्चों को भी खतरा है।

### इनका कहना हैं

ऐसा कोई मामला मेरी जानकारी में नही आया हैं और ना ही इस प्रकार की सूचना हमें मिली हैं फिर भी हम मामले को दिखवा लेते हैं

**सुनील खेमरिया,**टीआई सिटी कोतवाली

यह इतनी बड़ी घटना नही है बच्चे को हल्की से खरौंच आई हैं,एयर गन किसी से चली हैं,एयर गन की गोली दरवाजे में लगी हैं किस ने चलाई हैं जानकारी नहीं है।

**महेंद्र उपाध्याय प्रबंधन**
हॉस्टल इंजार्च हैप्पीडेज स्कूल

## पुरानी पेंशन बहाली हेतु भिण्ड- दतिया की सांसद श्रीमती राय को सौंपा ज्ञापन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** हस्स्क्स संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी के आव्हान पर न्यू मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन संघ (हस्स्क्स) भिण्ड जिला अध्यक्ष गगन शर्मा के नेतृत्व मे प्रांतीय उपाअध्यक्ष धीरज शुक्ला, प्रांतीय मीडिया प्रभारी महिला प्रकोष्ठ श्रीमती अंजू शर्मा, संभागीय संरक्षक गिर्राज भदौरिया, संभागीय अध्यक्ष शैलेंद्र सेंगर, जिला सह सचिव मयंक खंडेलवाल जिला मीडिया प्रभारी अमित शर्मा, प्रवेंद्र शर्मा, प्रबल श्रीवास्तव, राजीव त्रिपाठी, ब्रह्मानंद दिवाकर, देवी सिंह, अश्वनी तिवारी, अखिलेश शर्मा सहित सैकड़ों साथी सम्मिलित हुए तथा पुरानी पेंशन बहाल कराने हेतु सांसद महोदय को ज्ञापन सौंपा।। सांसद ने अपने वक्तव्य में यह कहा की पुरानी पेंशन बहाली के लिए मैं लोकसभा में आपकी बात रखने का प्रयास करूंगी एवं यथा संभव सहयोग करूंगी।

## भाजपा प्रत्यासी विपिन वर्मा डेविड ने अधिबक्ताओं से मिल मांगा जनसमर्थन



**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

**एटा –** एटा आज दिनांक 16 फरवरी को 104 एटा विधानसभा से सदर से भाजपा विधायक विपिन वर्मा डेविड ने कचहरी परिसर में अधिबक्ताओं से डोर तो डोर जाकर मांगा जन समर्थन वकीलों ने विपिन वर्मा डेविड को गले से गले मिलकर दिया जीत का आस्वासन विपिन वर्मा डेविड अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रत्येक वकील के विस्तर पर जाकर अपने समर्थन में वोट मांगें वही ककार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला कार्यकर्ता जय श्री राम,चप्पा चप्पा भाजपा हर हर मोदी घर घर मोदी के लगा कर उत्साह वर्धन कर रहे थे ।

# अज्ञात हथियारबंद लोगों से क्षेत्र में दहशत

### 21 फरवरी को झाकरी बस स्टैंड पर जन आक्रोश सभा

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** किसान यदि खेतों में खड़ी फसलों का रखवाली नहीं करता तो आवारा पशु गाय उसकी फसलों को नष्ट कर देता है यदि वह रखवाली करने के लिए जाता है तो अज्ञात बदमाशों के कारण उसकी जान को खतरा है 15 दिन पहले मौ थाना अंतर्गत गुरियाची गांव में एक किसान की हत्या कर दी गई पुलिस आज दिन तक हत्यारे का पता नहीं लगा पाई दूसरी तरफ मौ थाना झाकरी पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात हथियारबंद लोगों की लोकेशन देखी जा रही है लोगों को प्रताड़ित भी किया जा रहा है इसके विरोध में मध्य प्रदेश किसान सभा एवं संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त रुप से 21 फरवरी को दोपहर 12ः00 बजे झाकरी बस स्टैंड पर जन आक्रोश सभा होगी जिसे संयुक्त किसान मोर्चा के नेता रामविलास गोस्वामी एवं मध्य प्रदेश किसान सभा के राज्य सचिव अखिलेश यादव एवं मध्य प्रदेश किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बाथम संबोधित करेंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा के नेता राजेश शर्मा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में उक्त आरोप लगाए आगे बताया मध्यप्रदेश में जब से भाजपा की सरकार आई है किसान आवारा गाय जानवरों से परेशान हैं भाजपा की प्रदेश सरकार कुंभकरण की नींद में सोई हुई है सरकार द्वारा संचालित गौशाला में कागजों में चल रही हैं या भाजपा नेताओं के कब्जे में हैं

संयुक्त किसान मोर्चा के नेता राजेश शर्मा ने आगे बताया जिला मुख्यालय से दूरदराज मौ पुलिस थाने झाकरी पुलिस चौकी पर पर्याप्त पुलिस का स्टाफ है और ना ही उनके पास परिवाहन के साधन हैं क्षेत्र की लंबाई चौड़ाई अधिक हैं पुलिस प्रशासन सही तरीके से गश्त नहीं कर पाता इसलिए पुलिस थानों और पुलिस चौकियों पर अतिरिक्त पुलिस बल एवं वाहन बढ़ाए जाएं ताकि पुलिस प्रशासन क्षेत्र में गश्त तेजी से कर सके सरसों की फसलें खड़ी हुई है अपराधियों को छिपने के लिए पर्याप्त जगह है पुलिस प्रशासन को जागृत करने के लिए एवं भाजपा की राज्य सरकार को कुंभकरण की नींद से जगाने के लिए झांकती बस स्टैंड पर 21 फरवरी को दोपहर 12 बजे जन आक्रोश सभा आयोजित की जाएगी क्षेत्रवासियों से अपील है अधिक से अधिक संख्या में पधार कर सभा को सफल बनाए।



## श्रद्धालुओं ने नदि में ढुबकी लगाकर की विषेश पुजा

पुष्पाजंली टुडे

**श्रीरंगमपट्ना** :–बुधवार सुबह 4 बजे पुर्मिमा को तीन नदियों का संगम श्रीरंगपट्ना में स्वामी पुखराज महाराज के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार करने के साथ श्रद्धालुओं ने हवन वेदी में आहुतियां दी। श्रद्धालुओं ने नदि में सैकड़ो दीपक जलाकर विषेश पुर्जा अर्चना कर नदि में ढुबकी लगाकर स्वास्थ्य की कामना की गई। स्वामी पुखराज ने कहा कि भक्ति करने से जीवन सफल होता है।आईपंथ के सिद्धांतों पर चलने को कहा।गौ माता की रक्षा करने व नशा मुक्ति का संकल्प कराया। इस कार्यक्रम में नारायणलाल सैणचा ,मिठालाल, बुधाराम पंवार, अशोक पंवार ,सुरेश काग, रमेश काग,लाबुराम सहित सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे

# युवा जनकल्याण सेवा समिति का वार्षिक स्नेह मिलन एवम गऊ सेवक सम्मान समाह्रोह हुआ सम्पन







**ग्वालियर–** युवा जनकल्याण सेवा समिति का वार्षिक स्नेह सम्मेलन समाहरोह का आयोजन चार शहर का नाका शर्मा फार्म रोड के पास स्थित कुशवाहा गार्डन में आयोजित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि संत श्री कृपाल सिंह जी महाराज जी, नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल जी, विशिष्ट अतिथि देवेंद्र तोमर जी, प्रदीप सिकरवार जी, रवि भदोरिया जी सी.एस.पी महाराज पुरा, रामकुमार सिकरवार जी, अशोक सिंह तोमर जी, थाना प्रभारी आलोक परिहार जी, श्यामू ठाकुर जी, विपिन तोमर जी, शैलेश सिंह कुशवाहा जी उपस्थित रहे इस अवसर पर पत्रकारों के साथ साथ 60 से अधिक सामाजिक गऊ सेवको का सम्मान किया गया जो गौ ग्रास सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं इसके साथ ही राम रोटी संग्रह कार्य के लिए ग्वालियर के प्रत्येक वार्ड के लिये लगने बाले राम रोटी बॉक्स का भी अनावरण किया गया इस अवसर पर अतिथियों ने गौ सेवा के लिए अपने अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये जिसमे ग्वालियर नगर निगम कमिश्नर ने इस अवसर पर कहा कि गौ सेवा के लिए निगम कमिश्नर के नाते जो भी सहयोग की अपेक्षा करेंगे उसे हम अपने स्तर पर पूर्ण मदद और सहयोग करेंगे इस अवसर पर परम पूजनीय संत श्री कृपाल सिंह महाराज जी ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए गायों की सेवा के लिए युवा जन कल्याण समिति को बहुत-बहुत बधाई प्रेषित की इसके साथ ही श्री देवेंद्र सिंह तोमर पूर्व पार्षद ने भी गऊ सेवको लेकर कहा कि सकारात्मक सोच के साथ हम सब को मिलकर कार्य करना चाहिये जिससे कि सकारात्मक कार्य को जन्म दिया जा सके इसके साथ अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष श्री रामकुमार सिंह सिकरवार ने भी गऊ सेवको लेकर हमेशा साथ देने की बात कही साथ ही युवा जनकल्याण सेवा समिति की काफी प्रशंसा भी की जिसमे उन्होंने राम रोटी संग्रह कार्य मे हर संभव मदत करने बात भी कही, छ्स्क्ष महाराज पुरा श्री रवि भदौरिया ने गऊ सेवको को लेकर हर कदम पर खड़े रहने के की बात की साथ ही ये भी कहा कि जहाँ पर गऊ सेवको मेरी मदत की जरूरत पड़ेगी बहा पर में उनके साथ हमेशा खड़ा हूँ। इनके साथ ही कोंग्रेश उपाध्यक्ष श्री अशोक सिंह तोमर ने भी संस्था के कार्यो की काफी तारीफ की और हर संभब मदत का अस्वासन भी दिया साथ ही मंच पर उपस्थित सभी सम्माननीय अतिथियों ने अपने अपने विचार रखें गौ सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए युवा जनकल्याण समिति की प्रशंसा की इसके साथ मंच का संचाल वरिष्ठ समाजसेवी शैलेश सिंह कुशवाह जी ने किया और धन्यबाद सौम्या प्रोपर्टी के मालिक बिपिन तोमर ने किया एवम आभार शिवम भदौरिया ने किया जिसमें समिति के सदस्य रामबाबू कुशवाह, अनिल राठौर, भरत चौहान, अरविंद तोमर, राजू भदौरिया, कृपाल सिकरवार, उपेन्द्र परमार, सुरजीत सिंह राजावत, हेमंत भदौरिया, शिवम भदौरिया, अब्देश शर्मा, संतोष शर्मा, ध्रुव तोमर, अरविंद तोमर, विवेक चौहान, रश्मि चौहान, साधना राजावत, आशु राजावत, रवि प्रजापति, के साथ साथ अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।







# संत रविदास जी ने भारतीय संस्कृति के संरक्षण का काम किया : सांसद श्री शेजवलकर

## जिले में श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती

## जिला मुख्यालय से लेकर विकासखण्ड और ग्राम पंचायत स्तर तक हुए आयोजन



ग्वालियर। संत शिरोमणि रविदास जी महान समाज सुधारक थे। उन्होंने सम्पूर्ण समाज को सदाचार व भाईचारे का संदेश दिया। उनका कहना था कि मैं ऐसा राज्य चाहूँगा जहाँ सब मिल-जुलकर रहें और सभी को अन्न मिले। संत रविदास जी ने विपरीत परिस्थितियों में भारतीय संस्कृति को बचाने का काम किया। इस आशय के विचार सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में यहाँ ठाठीपुर स्थित शासकीय आवास परिसर (अजाक्स कार्यालय प्रांगण) में आयोजित हुए जिला स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। समारोह की अध्यक्षता बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल ने की।

भोपाल से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भी प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हुए समारोहों को वर्चुअली संबोधित किया। ग्वालियर में आयोजित हुए समारोह में भी सभी प्रतिभागियों ने ब?ी एलईडी स्क्रीन के जरिए मुख्यमंत्री श्री चौहान के विचार सुने।

ग्वालियर जिले में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती श्रद्धाभाव के साथ और समारोहपूर्वक मनाई गई। जिला मुख्यालय से लेकर विकासखण्ड और ग्राम पंचायत स्तर तक समारोह आयोजित हुए। ग्वालियर में जिला प्रशासन के तत्वावधान में अजाक्स कार्यालय परिसर में जिला स्तरीय और बाल भवन में विकासखण्ड मुरार के समारोह का आयोजन हुआ।

अजाक्स कार्यालय प्रांगण ठाठीपुर में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर आयोजित हुए जिला स्तरीय समारोह में पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह, पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल, श्री मदन कुशवाह व चौ. मुकेश सिंह चतुर्वेदी, जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी व भाजपा अनुसूचित जाति, जनजाति मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य श्री हरीश मेवाफरोश सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, जेएएच के अधीक्षक डॉ. आर के एस धाक? व अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा श्री एम आर कौशल, अजाक्स के जिला अध्यक्ष श्री मुकेश मौर्य व सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति कल्याण श्री एच बी शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

जिला स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्री शेजवलकर ने कहा कि संत रविदास जी ने आध्यात्म की व्याख्या करते हुए कहा था कि व्यक्ति अपनी मेहनत मजदूरी कर अपने गृहस्थ जीवन का पालन करे और जो बचे उसे सदकाम में लगाए। उन्होंने कहा खुशी की बात है मध्यप्रदेश सरकार इसी भाव के साथ संत रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का काम कर रही है। साथ ही अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कल्याण के लिए तमाम योजनायें बनाई हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल ने कहा कि संत रविदास जी विराट व्यक्तित्व के धनी थे। उनके द्वारा मानव कल्याण के लिए जो संदेश दिए गए यदि उसमें से हम एक अंश भी अपने में धारण कर पाएँ तो हम सबका जीवन धन्य हो जायेगा। श्री गोयल ने कहा कि मध्यप्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक संत रविदास जी की जयंती मनाई जा रही है।

पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह ने कहा कि महान समाज सुधारक संत रविदास जी ने समानता का संदेश दिया।

# कचरा ट्रांसफर स्टेशन साफ व स्वच्छ रखें तथा कचरा संग्रहण वाहन के चालक एवं हेल्पर घर घर जाकर करें सूखे व गीले कचरे का संग्रहण : निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज विभिन्न कचरा ट्रांसफर स्टेशनों का निरीक्षण किया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को कचरा ट्रांसफर स्टेशनों को व्यवस्थित एवं साफ रखने के निर्देश दिए इसके साथ ही उन्हें निर्देश दिए कि सभी वाहन चालक अपनी क्षमता के अनुरूप ही कचरा भरकर लाएं। क्षमता से कम कचरा लाने वाले चालकों की जानकारी दें, जिससे उन पर कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर एवं श्री धर्मेंद्र सिंह भदोरिया उपस्थित रहे।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने बुधवार को प्रातः मेला ग्राउंड, नारायण विहार एवं ट्रिपल आईटीएम के पास बने कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया तथा स्टेशन की विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा और सभी प्रभारियों से गाड़ियों को व्यवस्थित तरीके से शीघ्र खाली कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निगमायुक्त श्री कन्याल ने सभी वाहन चालकों को भी निर्देश दिए कि वह अपने हेल्पर के साथ प्रत्येक घर घर जाकर सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग इकट्ठा करें तथा उनका वाहन साफ सुथरा रहना चाहिए एवं उसमें काला एवं पीला कंटेनर भी अलग से लगा होना चाहिए। जिस वाहन के चालक व हेल्पर द्वारा अपने वाहन को साफ व स्वच्छ रखा जाएगा तथा क्षमता के अनुरूप कचरा लाएंगे उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले कचरा ट्रांसफर स्टेशन प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही निगमायुक्त ने अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा और आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्नि दुर्घटना पर अब और जल्दी काबू पाया जा सकेगा, निगम का फायर विभाग हुआ और सक्षम एवं अत्याधुनिकः निगमायुक्त श्री कन्याल


**फायर ब्रिगेड के वाटर ब्राउजर वाहन टेंक के प्रदर्शन की**




**निगमायुक्त ने की सराहना**

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर के फायर ब्रिगेड विभाग में 11 हजार 500 लीटर क्षमता का नया वाटर ब्राउजर वाहन टेंक क्रय किया गया है। जिसकी क्षमताओं का प्रदर्शन आज बुधवार को निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के समक्ष किया गया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री कन्याल ने कहा कि शहर के नागरिकों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा निगम के फायर ब्रिगेड विभाग को और अधिक मजबूत एवं अत्याधुनिक किया जा रहा है इसी के तहत लगभग 42 लाख रुपए की लागत से क्रय किए गए इस नए फायर टैंकर की क्षमताएं बहुत अधिक है जिससे अब हम किसी भी अग्नि दुर्घटना पर शीघ्र काबू पा सकते हैं। इस टैंकर के माध्यम से हम हाई एवं लो प्रेशर में पानी फेंक सकते हैं तथा इससे लंबाई एवं उचाई में 120 फीट तक पानी की बौछार भी की जा सकती है।

# जेयू में छात्रों का विरोध प्रदर्शनः पेपर आउट ऑफ सिलेबस बताकर छात्रों का हंगामा, कुलपति की समझाइश के बाद दी परीक्षा



ग्वालियर। जीवाजी यूनिवर्सिटी के परीक्षा भवन में विभिन्न अध्ययनशालाओं में चल रहे कोर्सों की सेमेस्टर परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को सुबह की पाली में पेपर शुरू होने के बाद बीकॉम एलएलबी सातवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने हंगामा कर दिया। इनका कहना था कि ड्राफ्टिंग, प्लीडिंग एंड कन्वेंसिंग पेपर का कुछ हिस्सा आउट ऑफ सिलेबस है।इसके बाद विद्यार्थियों ने परीक्षा का बहिष्कार कर दिया और कुछ विद्यार्थी परीक्षा भवन के बाहर आकर हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही कुलपति प्रो. अविनाश तिवारी, रजिस्ट्रार डॉ. सुशील मंडेरिया, प्रॉक्टर डॉ. हरेंद्र शर्मा सहित परीक्षा और गोपनीय विभाग के अन्य अफसर भी पहुंच गए।छात्रों के हंगामे के दौरान विधि संस्थान के शिक्षकों को बुलाकर पेपर दिखाया गया। इनका कहना था कि पेपर में आउट ऑफ सिलेबस कुछ भी नहीं है। यहां पर रजिस्ट्रार और कुलपति ने कहा कि जो छात्र पेपर नहीं देगा वह अनुपस्थित माना जाएगा। पेपर के बाद छात्रों की जो शिकायत होगी उसे परीक्षा समिति के सामने रखकर निराकरण कराया जाएगा।अगर पेपर में कोई प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस पाया जाता है तो नियमानुसार मार्किंग करवाई जाएगी। हालांकि इस दौरान कुछ विद्यार्थी इस दौरान हंगामे में शामिल नहीं हुए और पेपर देते रहे। इस दौरान प्रॉक्टर डॉ. हरेंद्र शर्मा ने छात्रों को हिदायत दी कि बेवजह हंगामा करेंगे तो नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकती है।

# कलेक्टर गाइडलाइन में किसी भी प्रकार की वृद्धि न की जाएः मपीसीसीआई

**एमपीसीसीआई ने मुख्यमंत्री-श्री शिवराज सिंह चौहान, वाणिज्यिक कर मंत्री-श्री जगदीश देवड़ा, ऊर्जा मंत्री-श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद-श्री विवेकनारायण शेजवलकर एवं जिलाधीश व अध्यक्ष जिला मूल्यांकन समिति को पत्र प्रेषित किया**

ग्वालियर । कलेक्टर गाइडलाइन में किसी भी प्रकार की वृद्धि न किए जाने को लेकर म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) द्वारा आज मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री-श्री शिवराज सिंह चौहान, वाणिज्यिक कर मंत्री-श्री जगदीश देव?ा, ऊर्जा मंत्री-श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद-श्री विवेकनारायण शेजवलकर एवं जिलाधीश व अध्यक्ष जिला मूल्यांकन समिति, ग्वालियर को पत्र प्रेषित किया गया है।

एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया गया है कि मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा कलेक्टर गाइडलाइन में कमी की गई थी और यह घोषणा की थी कि आगामी तीन वर्ष तक कलेक्टर गाइडलाइन में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जायेगी। जबकि जिलाधीश महोदय की अध्यक्षता में विगत दिवस आयोजित की गई जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में वर्ष 2022-23 के लिए कलेक्टर गाइडलाइन में 20 फीसदी की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित होना और उसमें कलेक्टर गाइडलाइन में वृद्धि प्रस्तावित किया जाना माननीय मुख्यमंत्री महोदय की घोषणा के विपरीत है।

एमपीसीसीआई ने पत्र में उल्लेख किया है कि कोविड-19 महामारी के कारण प्रदेश के रियल एस्टेट सेक्टर पर प्रतिकूल प्रभाव प?ा है और यह सेक्टर अब तक प्रतिकूल स्थिति से उबर नहीं पाया है। रियल एस्टेट सेक्टर कारोबार में तेजी का असर प्रत्येक सेक्टर पर परिलक्षित होता है और इससे शासन के राजस्व में भी आशातीत वृद्धि होती है।




# गौ प्रण संस्था ने गौमाता के लिए दस क्विंटल चारे और गुड़ की व्यवस्था की





## संस्था का उद्देश्य गौ सेवा और गऊ को राष्ट्रीय पशु घोषित कराना

ग्वालियर।

गौ प्रण सामाजिक संस्था द्वारा आज लाल टिपारा गौशाला में अध्यक्ष राम कुमार सिंह चौहान और सचिव विष्णु प्रताप सिंह भदौरिया के मार्गदशन में गौमाता के लिए दस क्विंटल हरा चारा एवं गुड़ की व्यवस्था की गई। संस्था द्वारा समय-समय पर शहर की विभिन्न गौशाला में रह रहीं गौमाता के लिए हरे चारे व अन्य सामग्री का दान भी किया जाता रहा है। संस्था के पदाधिकारी गौमाता की सेवा में पूरी तरह से समर्पित हैं। संस्था की मांग है कि गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। इस संबंध में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा जल्द ही शहर के मंत्री और जनप्रतिनिधियों से पत्राचार कर अपनी बात रखी जाएगी। इस अवसर पर गौशाला के मनु महाराज, गौप्रण संस्था के अध्यक्ष रामकुमार सिंह चौहान, सचिव विष्णु प्रताप सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष राजेश बाबू जैन, रामबाबू रघुवंशी, रघुराज सिंह भदौरिया, नवीन कुमार मिश्रा जी आदि उपस्थित थे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478